तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 14.7 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026



सड़क किनारे फुटपाथ पर लगने लगी खिलौने की दुकानें।



## खबर संक्षेप

### शाखा डाकघरों में मिल रही सभी प्रमुख डाक सेवाएं

**बिलासपुर।** बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा डाकघरों में डाक विभाग से संबंधित लगभग सभी आवश्यक कार्य सुचारू रूप से संपादित किए जा रहे हैं। इन शाखा डाकघरों के माध्यम से आम जनता को उनके निवास स्थान के समीप ही डाक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। शाखा डाकघरों में पत्रों की बुकिंग, प्रेषण एवं वितरण के साथ-साथ बचत बैंक खाते खोलने, जमा-निकासी, डाक जीवन बीमा तथा अन्य जन-उपयोगी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी डाक सेवाओं का पूर्ण लाभ मिल रहा है। डाक विभाग का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरल, सुलभ और विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। डाकघर अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी शाखा डाकघर अथवा उप डाकघर से संपर्क कर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला आज व कल

**बिलासपुर।** राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 12 एवं 13 फरवरी को सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक आईटीआई कोनी में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 निजी कंपनियों द्वारा फायनेंस, एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट, मेडिकल व फार्मेसी, सोलर एनर्जी, टेक्सटाईल इंडस्ट्री, सर्विस टेक्निकल, मेनुफैक्चरिंग, सिक्यूरिटी सर्विस, इंश्योरेंस, आटोमोबाईल, ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों में लगभग 4 हजार पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए रोजगार पंजीयन, ई रोजगार पोर्टल में आवेदक का ऑनलाईन मेला पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक आधार कार्ड, फोटो, बायोडाटा एवं निर्धारित शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ रोजगार मेले में शामिल हो सकते है। मेले में शामिल होने एवं रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी www.erojgar.cg.gov.in एवं छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कोनी से भी संपर्क किया जा सकता है।

### निःशुल्क परामर्श व निदान शिविर 22 को

**बिलासपुर।** भारतीय जैन संघटना और श्री सकल जैन समाज के तत्वावधान में शैल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के चिकित्सक द्वारा घुटनों एवं जोड़ से संबंधित समस्याओं का निःशुल्क परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन 22 फरवरी को जैन भवन टिकरापारा में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस शिविर में आर्थोपेडिक सर्जन डा. धीरेन मांकड़, डॉ. परेश गमारा, डॉ. मार्टिना जॉन अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे। शिविर में भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीयन आवश्यक है। इसके लिए अमरेश जैन, अंशुल जैन,सुनीता जैन,अमित जैन,रितु जैन,प्रवीण कोचर,गोपाल वेलाणी, पराग जैन,राजू भाई,अभिनव डाकलिया,अजय छाजेड़,पूनम तेजाणी,सुमित बोथरा, मनोज जैन से संपर्क कर सकते हैं।

### फिर चलने लगी ठंडी हवा बाहर निकले गर्म कपड़े

बिलासपुर। पिछले दो-तीन दिनों से एक बार फिर ठंडी हवा चलने लगी है। इससे लोगों के गर्म कपड़े बाहर निकल आए हैं। पिछले सप्ताह धूप तेज होने के कारण तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी थी। दोपहर में अच्छी खासी गर्मी महसूस हो रही थी। वहीं रात में गर्म कपड़ों की जरूरत नहीं पड़ रही थी, लेकिन उत्तर में पड़ रही ठंड के कारण छत्तीसगढ़ में ठंडी हवाएं चल रही हैं। इसलिए तापमान कम हो गया है।

# 46 करोड़ में बनेगी नेहरू चौक से पेंड्रीडीह तक सड़क, कोर्ट ने पूछा- राशि कब जारी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश की जर्जर सड़कों को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने लोक निर्माण विभाग से पूछा कि नेहरू चौक से पेंड्रीडीह (रायपुर रोड) तक सड़क के समुचित पुनर्निर्माण के लिए लगभग 46 करोड़ रुपए की राशि कब तक जारी हो जाएगी और आखिर इसमें देरी क्यों हो रही है। शासन की ओर से कहा गया कि एनआईटी रायपुर की विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही काम तेजी से शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही सड़कों पर मवेशी और कटघोरा के पास बन रहे ओवरब्रिज के लिए राज्य शासन, राष्ट्रीय राजमार्ग से शपथ पत्र मांगा गया है।

हाईकोर्ट ने प्रदेशभर की खराब सड़कों का स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ शहर के भीतर आने वाली प्रमुख सड़कों की स्थिति पर भी अदालत ने ध्यान दिया है। इससे



### शासन ने कहा- शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया

पहले रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और पेंड्रीडीह बाईपास से नेहरू चौक तक सड़क की बदहाल हालत पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा कि आदेश का आशय केवल किनारों की सफाई या रंगाई-पुताई नहीं, बल्कि सड़क का वास्तविक पुनर्निर्माण है। अदालत ने शासन से पूछा कि अब तक ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए, जबकि खराब सड़कों से जनता की जान को खतरा है। पूर्व सुनवाई में शासन ने सड़क अध्ययन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की दलील दी थी।

### रिपोर्टों के आधार पर मौके की जांच शुरू

कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्षों तक केवल स्टडी के नाम पर समय बर्बाद किया गया, जबकि जनता जोखिम में रही। अदालत ने तुरंत नवीनीकरण शुरू करने और जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने बताया कि सर्वे और सॉयल टेस्ट का काम एनआईटी रायपुर को सौंपा गया था और उसकी रिपोर्ट अब मिल चुकी है। इसी आधार पर नेहरू चौक से पेंड्रीडीह तक सड़क के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पहले नियुक्त न्यायमित्रों द्वारा दी गई विभिन्न सड़कों की रिपोर्ट पर भी कार्रवाई की जानकारी ली। शासन ने बताया कि इन रिपोर्टों के आधार पर मौके की जांच शुरू हो चुकी है और आवश्यकतानुसार संबंधित सड़कों का भी कायाकल्प किया जाएगा।

### कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट पेश की

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें बताया कि, एनएच-343 (बलरामपुर-रामानुजगंज रोड) की हालत बेहद खराब है, यहां दो-दो फीट गहरे गड्ढे हैं, जिनमें भारी वाहन फंस जाते हैं। इसी तरह रायगढ़ जिले में 9 ब्लैक स्पाट, बिलासपुर में 2, मुंगेली में 4 और बलौदाबाजार-भाटापारा में 4 ब्लैक स्पाट मिले हैं। रायगढ़ के कुनकुनी इलाके में कोल वॉशरी की वजह से काली धूल सड़कों पर फैल रही है और हादसों का कारण बन रही है। डिवीजन बेंच ने साफ कहा कि सड़कों की दुर्दशा और लापरवाही से हो रहे हादसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यदि सुधार नहीं दिखा तो संबंधित विभागों और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव बेलतरा में फुट ओवरब्रिज

सुनवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग की ओर से बताया गया कि तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव, मलनाडीह और बेलतरा में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। पहले की अनुमानित लागत 17.95 करोड़ थी, जो अब घटकर 11.38 करोड़ हो गई है। निर्माण स्थल की संयुक्त जांच हो चुकी है। टेंडर प्रक्रिया होते ही निर्माण कार्य गुरू होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर की पेंड्रीडीह बाईपास से नेहरू चौक तक की सड़क का निर्माण कार्य अप्रैल में स्वीकृत हो चुका है, लेकिन आज तक कोई प्रगति नहीं हुई।

## तखतपुर ब्लाक के राजपुर प्राथमिक शाला का मामला

# बनने के पहले जर्जर हो गया भवन, इसलिए दो कमरों और तंग गलियारों में लग रहीं पांच कक्षाएं





सरपंच बदलते ही अधूरा रह गया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये तस्वीरें बताती हैं कि एक ओर सरकारें शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास करती हैं, स्कूल भवन बनाने से लेकर दूसरे सभी कार्यों के लिए राशि जारी करती हैं, लेकिन सरकारी योजनाओं को लागू करने के लिए जिम्मेदार अफसर इन प्रयासों पर पानी फेर देते हैं, नतीजा यह होता है कि सरकारी खजाने से रुपया तो निकल जाता है, लेकिन बच्चों को कोई सुविधा नहीं मिल पाती। स्कूली बच्चे बदहाली के आलम में ही शिक्षित होने का प्रयास करते रहते हैं।

दो तस्वीरें तखतपुर ब्लाक के राजपुर प्राथमिक शाला की हैं। गांव के चौराहे पर बने इस स्कूल में हर रोज छोटे छोटे बच्चे बस्ता टांगकर प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने पहुंचते हैं। छोटे से स्कूल परिसर में एकमात्र पक्का भवन है और दो जर्जर भवन व्यवस्था को चिढ़ाते नजर आते हैं। सामने एक पुराना जर्जर भवन भी है, इसके लिए वर्ष 2006-07 में लगभग 4 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे। तखतपुर जनपद पंचायत ने पहली किश्त के रूप में लगभग दो लाख रुपए जारी किया, इससे निर्माण कार्य आरंभ हुआ। भवन की दीवारें बनीं, लोहे की ग्रिल लगी, खिड़कियां लगा दी गईं, परन्तु छत की ढलाई नहीं हुई। दूसरी किश्त की राशि जारी होने के पहले पंचायत चुनाव की आचार संहिता लग गई, इसलिए काम रुक गया। चुनाव के बाद आगे का काम होना था, परन्तु सरपंच बदलने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। समय बीतता गया और भवन अधूरा ही पड़ा रहा। धीरे धीरे भवन के अंदर झाड़ियां उग आईं। इसमें लगाए गए लोहे के ग्रिल में जंग लगने लगा, लोग इसकी चोरी भी करने लगे। अब यह भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। पुराने जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अब भी इस भवन को सुधारा जा सकता है। वर्तमान पंचायत की ओर से कई बार भवन के लिए राशि जारी करने की मांग की गई है, लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्कूल के प्रधान पाठक निकेश सिंह गौतम के अनुसार अतिरिक्त कक्ष नहीं होने के कारण बच्चों के बैठने के लिए जगह नहीं है। एक कमरे में स्कूल का दफ्तर है, दो गलियारों और छोटे कमरों में बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जाता है। बारिश के मौसम में बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतिरिक्त कक्ष की मांग की गई है।

**2006-07 में जारी हुई थी राशि**

- जनपद पंचायत ने दूसरी किश्त जारी ही नहीं की
- 17 साल में शिक्षा और पंचायत विभाग के अधिकारियों ने नहीं ली सुध

### धंसकते भवन में बनता है भोजन

स्कूल परिसर में दो और पुराने भवन हैं, जो जर्जर हो गए हैं। एक भवन में तो ताला लगा दिया गया है, दूसरे में मध्याह्न भोजन बनाया जाता है। इस भवन की छत का प्लास्टर और छड़ें टूटकर नीचे गिर रही हैं। मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिलाएं खतरा मोल लेकर बच्चों के लिए भोजन बनाती हैं। स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि इन भवनों को डिस्मेंटल करने के लिए पत्र लिखा जा चुका है, परन्तु इन्हें अब तक डिस्मेंटल नहीं किया गया है।

### छोटे कमरों में ठूंसे जाते हैं बच्चे



वर्तमान में राजपुर प्राथमिक शाला का संचालन एक छोटे भवन में किया जा रहा है। इस भवन में दो कमरे और दो तंग गलियारे हैं। इनमें बच्चों को बैठाकर पांच कक्षाएं लगाई जाती हैं। एक कमरे में पहली और दूसरी की कक्षा लगती है। कमरों और गलियारों में बच्चे बैठते हैं तो शिक्षकों के खड़े होने की भी जगह नहीं बचती। शिक्षक बताते हैं कि बारिश होने पर बरामदे में बैठे बच्चे और शिक्षक भीग जाते हैं। इस स्थिति में आसानी से समझा जा सकता है कि स्कूल में बच्चे पढ़ाई कैसे करते होंगे।



### भेजे गए हैं प्रस्ताव

स्कूल भवनों के निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं, जैसे जैसे स्वीकृति मिलती जा रही है, वैसे वैसे राशि जारी की जा रही है। राजपुर प्राथमिक शाला भवन को स्वीकृति मिलने पर राशि जारी की जाएगी।

-विजय टांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### पुराना मामला है

स्कूल भवनों की स्वीकृत जनपद पंचायत से नहीं दी जा रही है, राजपुर पंचायत स्कूल भवन का मामला काफी पुराना है, इसके संबंध में जानकारी लेकर ही कुछ कहा जा सकता है। उक्त स्कूल भवन का मौके पर निरीक्षण किया जाएगा।

-सत्यव्रत तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर

### अब भी पूरा हो सकता है काम

वर्ष 2006 -07 में स्कूल भवन स्वीकृत हुआ था, जनपद पंचायत ने इसकी पहली किश्त जारी की थी, इस 2 लाख 10 हजार रुपए से भवन निर्माण आरंभ कराया गया था, इस बीच आचार संहिता लागू हो गई, उस दौरान निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन कराया गया था। चुनाव के बाद नए पंचायत पदाधिकारियों को कार्य पूर्ण कराना था, परन्तु यह नहीं हो सका। अब भी इस भवन का काम पूरा कराया जा सकता है।

-जगन्नाथ लहरे, पूर्व सरपंच

# सिरगिट्टी की तीन किमी की सड़क 25 लाख में बनेगी

सिरगिट्टी क्षेत्र में औद्योगिक कंपनियों की गाड़ियों के कारण सड़के खास तौर पर एक तीन किमी की सड़क खराब हो गई है। इसके कारण आने जाने वालों को परेशानी हो रही है। हाईकोर्ट ने मामले में स्वत संज्ञान लेकर शासन से जवाब मांगा था। बुधवार को हुई सुनवाई में जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि दों कोल कंपनियों की गाड़ियां इस रास्ते से जा रहीं थीं। इसमें छग कोल पावर बेनिफिशरी और मेसर्स अमित कोल लाइंस ने सड़क को 25 लाख रुपए में सुधारने और उसकी देख रेख का जिम्मा उठाया है। इस बारे में कलेक्टर बिलासपुर ने सीएसआईडीसी के अधिकारियों के साथ बैठक भी ली थी। हाईकोर्ट ने मामले को निगरानी में रखते हुए 19 अप्रैल को सुनवाई के लिए रखा है।

- हाईकोर्ट में कलेक्टर ने पेश किया जवाब

दरअसल सिरगिट्टी रेल लाइन के पास तीन किमी की सड़क कोल कंपनियों के बड़े वाहनों के गुजरने के कारण काफी खराब हो गई है। हाईकोर्ट ने मामले में राज्य शासन, सीएसआईडीसी, नगर निगम से जवाब मांगा था। सीएसआईडीसी की ओर से कहा गया यह सड़क उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। इसके बाद जिला प्रशासन ने एक संयुक्त टीम बनाकर मौके की जांच कराई थी। जांच में पाया गया कि छग कोल पावर बेनिफिशरी और मेसर्स अमित कोल लाइंस की गाड़ियां इस सड़क से लगातार गुजरतीं हैं। इसलिए तीन किमी की सड़क खराब हो गई है। कलेक्टर ने सीएसआईडीसी के अधिकारियों के साथ ही कोल कंपनियों की बैठक बुलाकर मामले में जानकारी ली। इसके बाद तय किया गया कि दोनों कोल कंपनियां इस सड़क को मिलकर सुधारेंगी। इसमें करीब 25 लाख रुपए का खर्चा आएगा।

# बिलासा एयरपोर्ट के पास सेना की जमीन से अवैध मुरुम खुदाई

बिलासा एयरपोर्ट के पास सेना की जमीन से अवैध मुरुम खुदाई के मामले में हाईकोर्ट ने कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने मामले को मॉनिटरिंग के लिए रखकर 20 अप्रैल को अगली सुनवाई तय की है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि दो कंपनियों के माध्यम से भारी मात्रा में मुरुम चोरी की गई है और 54 बिल्डर्स, ठेकेदार द्वारा इसका उपयोग किया गया है।

- हाईकोर्ट ने कहा- कार्रवाई होनी चाहिए, मानिटरिंग की जाएगी

ध्यान रहे कि शहर की दो कंस्ट्रक्शन कंपनी डिवाइन ग्रुप और फॉर्च्यून एलीमेंट द्वारा निर्माण कार्यों के लिए सेना की जमीन से भारी मात्रा में मुरुम खुदाई का मामला सामने आने पर हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की है। इस मुरुम का उपयोग यहां आसपास बनाई जा रही कॉलोनियों और सड़कों के निर्माण में किया जा रहा है। पिछली सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से वकील ने 25 दिसंबर 2024 के पत्र की एक प्रति प्रस्तुत की थी जो खनिज अधिकारी बिलासपुर द्वारा बिल्डर पवन अग्रवाल को भेजा गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने फॉर्च्यून एलीमेंट कॉलोनी को उसके मालिक पवन अग्रवाल के माध्यम से पक्षकार बनाने के निर्देश दिए थे। शासन की ओर बताया गया कि अग्रवाल को नोटिस पहले ही जारी कर दिया गया।

### 54 ठेकेदारों ने उपयोग किया मुरुम

सुनवाई के दौरान यह भी पता चला कि मुरुम बेची भी गई है, जिसका उपयोग अन्य ठेकेदार और बिल्डर्स द्वारा भी किया गया, जिनकी संख्या 54 है। इन पर खनिज नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई है। केंद्र की ओर से उप सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने कोर्ट को जानकारी दी है कि सेना की भूमि से अवैध खनन रोकने का अनुरोध करते हुए कलेक्टर बिलासपुर से पूर्व में ही शिकायत की जा चुकी है। खनिज विभाग ने मामले की जांच और कार्रवाई की जानकारी दी। कोर्ट ने प्रकरण मॉनिटरिंग के लिए रखते हुए 20 अप्रैल को अगली सुनवाई रखी है।

## मतदान गुरुवार की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव आज, 61 प्रत्याशी मैदान में



13 फरवरी को मतगणना होगी और उसी दिन देर शाम परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार 12 फरवरी को होगा। चुनाव के लिए कुल 17 पदों के लिए 61 प्रत्याशी मैदान में है। जारी चुनावी कार्यक्रम के तहत मतदान गुरुवार की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। अगले दिन 13 फरवरी को मतगणना होगी और उसी दिन देर शाम परिणाम भी जारी कर दिए जाएंगे। ध्यान रहे कि इससे पहले इस चुनाव पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका को हाईकोर्ट के जस्टिस एनके चंद्रवंशी ने खारिज कर दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है, इसलिए अब इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। इधर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वर्ष 2026-2028 के लिए चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनूप मजुमदार द्वारा जारी सूचना के अनुसार सुबह 11 बजे से वोटिंग होगी। चुनाव में अध्यक्ष के लिए सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कुमार तिवारी, अब्दुल वहाब खान, शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल और रजनीश सिंह बघेल मैदान में हैं। वहीं, उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) के लिए दीपक कुमार जैन, भरत लाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्र नाथ दुबे और शशिकांत सोनकर ने फार्म भरे हैं। वहीं उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए मांडवी भारद्वाज, संगीता मिश्रा, मधुनिशा सिंह और रीमा दुबे के बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

### कार्यकारिणी सदस्य के लिए 16 प्रत्याशी

कार्यकारिणी सदस्य के लिए 16 प्रत्याशी मुकाबला कर रहे हैं। इसमें बंसत कुमार कैर्वत, राम विफल राम राजवाड़े, अभिषेक पाण्डेय, शरद मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, गोरे लाल उइके, त्रिवेणी शंकर साहू, ईश्वरी घृतलहरे, संतोष कुमार पाण्डेय, रेशम लाल जयसवाल, विख्यात अरोरा, अफताबुन निशा, श्रेष्ठा गुप्ता, साक्षी बाली, उज्जवल चौबे, स्वाति अग्रवाल, प्रहलाद और जयप्रकाश तिवारी शामिल हैं। वहीं, कार्यकारिणी (महिला) पद के लिए दीप्ति तिवारी और लक्ष्मिन कश्यप के बीच मुकाबला है।

### ग्रंथालय सचिव के लिए 5 उम्मीदवार

इसी तरह ग्रंथालय सचिव के लिए 5 उम्मीदवार कोषाध्यक्ष पद के लिए हर आशा पूरन सिंह भाटिया, लवकुश कुमार साहू और श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने दावेदारी पेश की। क्रीडा एवं सांस्कृतिक सचिव (वरिष्ठ) पद के लिए ईश्वर जयसवाल, कुलेश कुमार साहू और अमन पाण्डे के नाम सामने आए हैं। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव (महिला) के लिए प्रज्ञा पाण्डे, एम. आशा और कविता तिवारी दौड़ में हैं। सचिव के लिए राहुल कुमार मिश्रा, कमलेश्वर प्रसाद साहू, ब्रिजेश सिंह, आदित्य खरे और आशीष बेक के नामांकन वैध मिले हैं। सह सचिव के लिए समीर सिंह, विजय कुमार साहू और कृपेश जी. प्रसाद केला मैदान में हैं। जबकि सह सचिव (महिला) के लिए आस्था शुक्ला और लता नायक के नामांकन मान्य हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### तीसरे फेस के लिए 9 हजार उज्जवला कनेक्शन जारी

**बिलासपुर।** उज्जवला योजना के अंतर्गत तीसरे फेज के लिए जिले को 13 हजार 761 कनेक्शन जारी करने का टारगेट दिया गया था। इसके अंतर्गत 14 हजार 257 लोगों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। इनमें से अब तक 8 हजार 935 लोगों को उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। उज्जवला योजना के अंतर्गत तीसरे फेस में भी गैस चूल्हा वितरण तेज गति से किया जा रहा है। इस चरण के लिए जिले को 13 हजार 761 कनेक्शन का टारगेट दिया गया था। इस बार उज्जवला चाहने वाले जिले के 14 हजार 257 लोगों ने फार्म प्रस्तुत किया था। हालांकि पुराने सभी कार्डधारियों को कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। अब जिनके द्वारा भी आवेदन दिए जा रहे हैं, वे सभी नए कार्डधारी हैं। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के दौरान 14 हजार 95 कार्डों को क्लियर किया गया है। इनमें से 8 हजार 935 कनेक्शन अब तक जारी भी किए जा चुके हैं। आईओसीएल एवं नोडल उज्जवला हेमप्रकाश साहू ने बताया कि तीसरे चरण में उज्जवला के लिए 14 हजार 257 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 8 हजार 935 कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

### अमर, धरम व पूजा ने ली भाजपा पार्षद दल की बैठक

**बिलासपुर।** नगर निगम भाजपा पार्षद दल की बैठक बुधवार को पूर्व मंत्री एवं शहर विधायक अमर अग्रवाल व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक सहित भाजपा जिलाध्यक्ष बिलासपुर शहर दीपक सिंह और महापौर पूजा विधानी की उपस्थिति में हुई। इस बैठक में प्रमुख रूप से नगर के विभिन्न वार्डों की प्रमुख समस्याओं एवं सामान्य सभा की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में उपस्थित भाजपा पार्षदों ने नगर निगम की 13 फरवरी को होने वाली सामान्य सभा में एकजुटता दिखाने का संकल्प लिया। विधायक अमर अग्रवाल ने पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर विकास के कार्यो के लिए कभी धन की कमी नहीं होगी। आप सभी पार्षद इतने अधिक संख्या में है इसलिए आपको समस्त शक्तियों का अहसास सदन में दिखाई पड़नी चाहिए। विधायक द्वय एवं महापौर ने सभी पार्षदों एवं मेयर इन कौंसिल के सदस्यों से चर्चा कर उनके वार्डो की समस्याओं का हालचाल जाना। उन्होंने वार्डो की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि आप सभी पार्षद चुने हुए जनप्रतिनिधि है। आप सभी का हम सम्म्मान करते हैं। जनता के चुने हुए प्रतिनिधि के नाते उनकी समस्याओं को हल करने की जिम्मेदारी आप सभी पर है।

### बंद रेल नीर प्लांट का ताला खुलेगा अप्रैल से

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के ताला लगे रेल नीर के प्लांट को अब आईआरसीटीसी ने ओपन करने का निर्णय लिया है, जिसमें डेढ़ साल से बंद ताला अप्रैल में खोला जाएगा। प्लांट बंद होने के कारण अभी भी पानी की सप्लाई नागपुर से की जा रही है। रेल नीर के कार्टून आने में विलंब और यात्रियों के लिए प्लांट शुरु नहीं होने के कारण लोकल ब्रांड के पानी को बिक्री करने की छूट दे दी गई है। इसकी बिक्री रेल नीर बोतल के साथ स्टॉल संचालक कर रहे हैं।
रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टाल और ट्रेनों के पेंट्रीकार में यात्रियों को खाने-पीने की वस्तु से लेकर पानी की बोतल की बिक्री होती है, जिसकी कीमत रेलवे बोर्ड द्वारा तय की गई है, जिसका संचालन आईआरसीटीसी और रेल प्रशासन द्वारा किया जाता है। आठ साल पहले बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में लोकल ब्रांड की पानी के बोतल बेचे जा रहे थे। रेल नीर के साथ यात्रियों को दूसरी कंपनी के पानी बोतल से भी अपनी प्यास बुझाने की सुविधा मिल रही थी। दूसरे ब्रांड की सुविधा को बंद करने के लिए रेलवे बोर्ड ने सख्त आदेश देते हुए आईआरसीटीसी को रेल नीर शुरु करने को कहा था। बोर्ड से आदेश मिलने से पहले बिलासपुर स्टेशन में पानी की सप्लाई बिहार के दानापुर रेलवे स्टेशन से होती थी। आदेश मिलने के बाद बिलासपुर के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में रेल नीर का प्लांट बनाया गया था। पानी के बोतल उत्पादन से लेकर सप्लाई करने का ठेका कोलकाता की कंपनी को दिया गया था।






## उसलापुर स्टेशन के बाहर की लाइटिंग बनी आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत भारत योजना में शामिल होने के बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन को डेवलपमेंट का कार्य करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। इस आदर्श स्टेशन का स्वरूप अब यात्रियों को अलग नजर आने लगा है, जहां स्टेशन के बाहर लगी रंगी बिरंगी लाइटिंग यात्रियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई। कार्य पूरा होने के उपरांत अधिकारी भी अब रेलवे बोर्ड के ओपनिंग का आदेश का बेसब्री से इंतजार करने लगे हैं।

- आदर्श रेलवे में किया गया है अमृत भारत स्टेशन के तहत काम

बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में रेलवे स्टेशन के बाहर की दीवार के सामने एसीपी प्लाई लगाकर आकर्षक लाइटें लगाने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नई टाइल्स लगाने, स्टेशन के सामने छोटा सा गार्डन, कार की नई पार्किंग, मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई बढाने का काम करीब पूरा कर दिया गया है। इन सबके बावजूद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का काफी अभाव है, जिसके कारण यात्री काफी परेशान भी हो रहे हैं। रेल मंडल के अधिकारियों ने निरीक्षण करने के दौरान देश के दूसरे रेलवे स्टेशन के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे उसलापुर स्टेशन की भी ओपनिंग का आदेश मिलने के उपरांत जल्द काम पूरा करने आदेशित किया था। इस आदेश के बाद प्लेटफार्म नम्बर एक पर मुख्य गेट के बायीं ओर बने सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल, कटनी की ओर महिला यात्रियों के लिए बनाई गई अक्षिता, पार्सल कार्यालय, नया पे एंड यूस टायलेट व अन्य कार्य को भी पूरा कर दिया गया है। अमृत भारत स्टेशन के तहत करीब-करीब सारे कार्यो को पूरा करने के बावजूद कुछ कार्य अधूरे पड़े हैं, जिसके लिए नए तरीके से बजट बनाकर बोर्ड भेजने का कार्य किया जाएगा।

### किए जा रहे हैं कार्य

- प्लेटफार्म नम्बर एक बिलासपुर छोर पर स्थित टायलेट का रिनोवेशन कार्य।
- बीबीएस टायलेट के सामने फर्श लगाने का कार्य।
- पार्सल कार्यालय का कार्य।
- 6 वाटर स्टीव बूथ का इंस्टालेशन कार्य।
- वाटर बूथ को शिफ्ट करने का कार्य।
- बुकिंग कार्यालय के वाटर बूथ लगाने का कार्य।
- प्लेटफार्म 2-3 पर वाटर कूलर लगाने का कार्य।
- सेकेंड एंट्री की ओर स्टेशन बिल्डिंग व अन्य कार्य।

### अन्य शामिल स्टेशन

बिलासपुर रेल मंडल के तहत अमृत भारत योजना में शामिल अन्य रेलवे स्टेशनों में शामिल हैं:
अकलतरा रेलवे स्टेशन – लागत 5 करोड़ 62 लाख रुपए
नैला रेलवे स्टेशन – लागत 5 करोड़ 62 लाख रुपए
चांपा रेलवे स्टेशन – लागत 7 करोड़ 92 लाख रुपए
कोरबा रेलवे स्टेशन – लागत 7 करोड़ 92 लाख रुपए
बाराद्वार रेलवे स्टेशन – लागत 8 करोड़ 9 लाख रुपए
रायगढ़ रेलवे स्टेशन – लागत 6 करोड़ 94 लाख रुपए
बेलपहाड़ रेलवे स्टेशन – लागत 6 करोड़ 94 लाख रुपए
ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशन – लागत 5 करोड़ 27 लाख रुपए

### ओपनिंग के पहले पूरा

उसलापुर रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित करने का काम अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। यह दूसरे कार्यो के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। वहीं आदर्श स्टेशन की ओपनिंग के लिए कभी भी रेलवे बोर्ड से आर्डर आ सकता है। इसकी तैयारी डिवीजन की ओर से पूरी है।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

सामने और पीछे की बाउंड्री 65 मीटर तो आन और आफ साइड की रहेगी बाउंड्री 60 मीटर की

# बड़ी होगी दोनों साइड की बाउंड्री, मैदान अंतरराष्ट्रीय स्तर का, नया बैडमिंटन कोर्ट भी बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करीब डेढ़ साल से बंद राजा रघुराज स्टेडियम इसी सप्ताह खिलाड़ियो के लिए उपलब्ध हो जाएगा। मरम्मत और मिट्टी भरने का काम पूरा कर लिया गया है। पूरे स्टेडियम में रंग रोगन भी कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक स्टेडियम में मैदान रिपेयर, पेवेलियन निर्माण पूरा हो गया है। पिच निर्माण हेतु सक्षम रोलर खरीदी की गई थी जिससे पिच बेहतर हो गई है। इसके साथ ही स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानक का खेल मैदान बनाने के साथ जिम का नवीनीकरण, एलईडी स्क्रीन और साउंड बाक्स, न्यू बैडमिंटन कोर्ट, स्टेडियम के नाली की पर्याप्त साफ सफाई, दर्शक दीर्घा का निर्माण किया गया है।

ध्यान रहे कि शहर के बीच क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने की जगह ही नहीं मिल रही थी। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को डेढ़ साल से बंद करते हुए मरम्मत का काम किया जा रहा है और खिलाड़ी इंतजार में है। सितंबर 2024 में जब इसकी मरम्मत शुरू की गई थी तो 3 महीने में काम पूरा करने कहा गया था। इसके बाद फिर समय बढ़ाते हुए जनवरी 2025 में काम पूरा और खिलाड़ियों के लिए इसे उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन उसके बाद से 9 महीने और बीत गए हैं और काम अधूरा रहा। अब कहा जा रहा है कि सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और इसी सप्ताह स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। हालांकि इसी बीच स्टेडियम में मिट्टी भरने और दूसरे कामों के लिए 60 लाख का टेंडर और कर दिया गया है, जबकि इससे पहले ही 40 लाख खर्च हो चुके हैं।



### स्टेडिमय में जगह बचने के बाद दर्शक दींघा बनाई गई

निगम अधिकारियों के अनुसार मैदान में पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। इससे अब मशीन के माध्यम से पानी ग्राउंड में डाला जा सकेगा और इसके लिए मजदूरों की जरूरत नहीं होगी। मैदान में खिलाड़ियों के बैठने की जगह भी बनाई गई है। इसमें दो पवेलियन है और 40 खिलाड़ी बैठ सकेंगे। बैडमिंटन कोर्ट के बगल में शेड भी बनाया जा रहा है। मैदान में मिट्टी कछार से लाकर डाली गई है। इसके साथ ही मैदान को बड़ा किया गया है। सामने और पीछे की बाउंड्री 65-65 मीटर की तो आन और आफ साइड की बांउड्री 60-60 मीटर की है। उसके बाद भी स्टेडिमय में जगह बचेगी जहां दर्शक दींघा बनाई गई है।

### रणजी मैचों का है गवाह है स्टेडियम

राजा रघुराज सिंह क्रिकेट स्टेडियम की स्थापना को लगभग 50 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। स्टेडियम ने 1978, 1979 और 1981 में विदर्भ क्रिकेट टीम के खिलाफ मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम और रेलवे क्रिकेट टीम के खिलाफ तीन रणजी मैचों की मेजबानी भी कर चुका है। इसके अलावा यहां कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। टी-20 से लेकर कई आयोजन हुए। हालांकि विगत पांच वर्षों में कोई प्रतियोगिता या ट्राफी नहीं हुई है। नवंबर 1978 में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने पहली बार बिलासपुर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन को रणजी ट्राफी मैच कराने की जिम्मेदारी दी थी। उस समय संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल थे। उस वर्ष मध्यप्रदेश व विदर्भ की रणजी टीम के बीच मैच हुआ। इसके बाद 1980 में एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक राव बने। इस बार भी मैच मध्यप्रदेश और रेलवे की टीम के बीच खेला गया। तीनों ही मैच में मध्यप्रदेश विजेता रही है।

### स्टेडियम को इस तरह सुधारा गया

- पस्टेडियम की छत कई जगह से जर्जर थी जिसे सुधारा गया है, मरम्मत की गई है
- मैदान में पर्याप्त घास डालते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरुप तैयार किया गया
- बैडमिंटन कोर्ट खस्ताहाल था उसे सुधारा गया है, टाइल्स भी टूट गए थे उसे ठीक किया गया
- जिम में रखे समान कंडम हो रहे थे उसे बदला गया है, मशीनें भी चालू नहीं थी,सुधारा गया
- खिलाड़ियों के रुकने व मेडिकल की सुविधा तक नहीं थी, उसे व्यवस्थित किया गया है

### सभी काम पूरे कर लिए गए हैं

सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और अगले सप्ताह के बाद स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। मैदान में पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। इससे अब मशीन के माध्यम से पानी ग्राउंड में डाला जा सकेगा और इसके लिए मजदूरों की जरूरत नहीं होगी। मैदान में खिलाड़ियों के बैठने की जगह भी बनाई गई है। इसमें दो पवेलियन है और 40 खिलाड़ी बैठ सकेंगे। बैडमिंटन कोर्ट के बगल में शेड भी बनाया गया है। मैदान में मिट्टी कछार से लाकर डाली गई है।

**- अनुपम तिवारी**, नोडल अधिकारी

## राष्ट्रीय कार्यशाला में एसईसीएल की 'डिजीकोल' पहल बनी पारदर्शी सुशासन का मॉडल

**बिलासपुर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 11 फरवरी को नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में "डिजिटल इनिशिएटिव्स फॉर इंक्रीजिंग ट्रांसपेरेंसी इन गवर्नेंस" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में एसईसीएल की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल 'डिजीकोल को सार्वजनिक उपक्रमों में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने वाली एक आदर्श डिजिटल पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में एसईसीएल की ओर से मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि डिजीकोल पहल के माध्यम से खनन कार्यों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में डिजिटल निगरानी और डेटा आधारित प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ रूप से लागू किया गया है।

### डिजिटल निगरानी से मजबूत हुआ संचालन तंत्र

उन्होंने बताया कि फ्लीट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से शॉवेल, डंपर एवं डोजर जैसे भारी खनन उपकरणों की रियल-टाइम ट्रैकिंग की जा रही है। सेंसर आधारित प्रणाली से उपकरणों की लोकेशन, ऑपरेटिंग ऑवर्स और ईंधन खपत की निगरानी होती है। ईंधन में असामान्य गिरावट, अनावश्यक निष्क्रिय समय तथा निर्धारित मार्ग से विचलन की स्वतः पहचान संभव हो पाई है। वीडियो एनालिटिक्स एवं कनेक्टेड वर्कर सिस्टम के जरिए सुरक्षा प्रबंधन, परिचालन नियंत्रण तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। ड्रोन आधारित सर्वेक्षण से अतिक्रमण की पहचान, हॉल रोड एवं ढलानों की निगरानी तथा मानसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था के आकलन में सटीकता आई है। इसके साथ ही डिजिटल भूमि अभिलेख, ऑनलाइन प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म, स्पेयर प्रबंधन प्रणाली एवं डिजिटल वॉर रूम जैसी पहलों ने एक एकीकृत एवं छेड़छाड़-रोधी (टैम्पर-प्रूफ) डिजिटल इकोसिस्टम तैयार किया है।



### मुख्यालय में हुआ लाइव वेबकास्ट

इस अवसर पर एसईसीएल मुख्यालय में कार्यशाला के वेबकास्ट का सामूहिक अवलोकन किया गया। सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रस्तुति में सहभागिता की। उनके साथ निदेशक (तकनीकी-संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरांची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक (तकनीकी-परियोजना एवं योजना) रमेश चंद्र मोहापात्रा आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

राष्ट्रीय मंच पर डिजीकोल की प्रस्तुति एसईसीएल की डिजिटल परिवर्तन यात्रा को मिली महत्वपूर्ण मान्यता है। यह उपलब्धि न केवल कोयला क्षेत्र में एसईसीएल की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति किस प्रकार जिम्मेदारी और दक्षता के साथ की जा सकती है।

### मनरेगा के चल रहे पुराने कार्यों को समेटने की तैयारी

**बिलासपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना को नए वित्तीय वर्ष से लागू किया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस योजना को अपने बजट में शामिल कर लिया है, इसलिए मनरेगा अंतर्गत चल रहे पुराने कार्यों को समेटने की तैयारी चल रही है। वर्तमान में बिलासपुर जिले के 451 ग्राम पंचायतों में 4 हजार से अधिक कार्य चल रहे हैं। केन्द्र सरकार ने विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना के लिए अपने हिस्से का 95,692 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान किया है।

## चौकसे कॉलेज में 'अलुमनी टॉक'

एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज और आईबीएम सिल्क बिल्ड के बीच समझौता किया गया है। यह विद्यार्थियों के तकनीकी भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह साझेदारी छात्र रोजगार क्षमता को मजबूत करने और शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच के अंतर को कम के लिए हमारे विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आईबीएम सिल्क बिल्ड यह आईबीएम द्वारा संचालित एक वैश्विक शिक्षा कार्यक्रम है, जो विशेष रूप से उन लोगों के लिए बनाया गया है जो तकनीक के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में, केवल तकनीकी ज्ञान ही काफी नहीं है। छात्रों को पेशेवर दक्षताओं और नौकरी की तैयारी की क्षमताओं के साथ-साथ उद्योग-प्रासंगिक तकनीकी कौशल विकसित करना चाहिए। यह एक ऐसा संरचित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्रों, डिजिटल बैज, मास्टरक्लास और प्लेसमेंट सहायता पहलों के माध्यम से इस समग्र विकास का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस एमओयू से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स, और प्रोफेशनल स्किल्स जैसे विषयों पर मुफ्त कोर्सेज उपलब्ध कराए जाएंगे।



देशभर के कलाकार देंगे प्रस्तुतियां, पद्मश्री विभूतियां होंगी शामिल

## रमन लोक कला महोत्सव कल से, 'लोक में राम' थीम पर गूंजेगी संस्कृति

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 13 से 16 फरवरी तक चार दिवसीय रमन लोक कला महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस बार महोत्सव की थीम "लोक में राम" रखी गई है। आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, झारखंड, असम सहित अनेक राज्यों के लोक कलाकार भाग लेकर भगवान राम से जुड़ी विविध लोक परंपराओं को मंच पर जीवंत करेंगे।

महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वैचारिक सत्र भी होंगे, जिनमें कला, संस्कृति, साहित्य, भाषा, पत्रकारिता और सिनेमा जैसे विषयों पर देश के विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। विशेष आकर्षण के रूप में चार पद्मश्री सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे, जो अपने जीवन अनुभव साझा करेंगे। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय का एक प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोक कला, संस्कृति, साहित्य और भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। इसी भावना के साथ पिछले सात वर्षों से लगातार लोक कला महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह मंच जमीनी कलाकारों को अवसर देने के साथ युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बस्तर, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़ सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों से कलाकार भाग लेंगे। "लोक में राम" के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित रामकथा, भजन, नृत्य और नाट्य रूपों को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर शासकीय और गैर शासकीय संस्थाएं स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों और योजनाओं की जानकारी देंगी। विद्यार्थी भी मॉडल और प्रस्तुति के माध्यम से सहभागिता करेंगे।




### वैचारिक सत्र के प्रमुख विषय

छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं लोकनाट्य, साहित्यिक परिदृश्य, सांस्कृतिक इतिहास की पहचान, वर्तमान समय में भाषा की चुनौतियां, लोक कला के संरक्षण में मीडिया की भूमिका तथा पद्म संवाद आयोजित होंगे।

### पद्म संवाद के अतिथि

पद्मश्री अजय मंडावी, पद्मश्री रामलाल बरेठ, पद्मश्री राधेश्याम बारले और पद्मश्री जागेश्वर यादव श्रोताओं से संवाद करेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ये होंगी प्रस्तुतियां

करमा नृत्य, श्रीराम जन्म पर आधारित मानसगान, पंडवानी शैली में रामायण प्रसंग, भरथरी, पारंपरिक मंगलाचरण, पुसौर की प्राचीन रामलीला, धुरवा मड़ई नृत्य, श्रुति नाट्य, 'राम अरण्यकाण्ड' पर शास्त्रीय नृत्य, भतरा लोकनाट, रामनामी समुदाय के भजन, अंकिया नाट (असम), सिंगारी नृत्य (उड़ीसा), वैदेही एकल अभिनय, छऊ नृत्य (झारखंड), ओडिसी नृत्यांगना दीक्षा रथ की प्रस्तुति तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## सिल्क इंडिया में तीस प्रतिशत तक की छूट

बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** सिल्क इंडिया की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। राघवेन्द्र राव सभा भवन, कम्पनी गार्डन के पास संचालित प्रदर्शनी की संचालिका द्वारा 7 फरवरी से 17 फरवरी तक इस प्रदर्शनी का आयोजन नगर वासियों के लिए किया गया है। यहां इस प्रदर्शिनी के सभी स्टॉल्स में हस्तशिल्प, हैंडलूम एवं हथकरघा से बने सभी सामानों की खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालिका तारा ने बताया कि यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हैण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है उन्होंने बताया कि जहां कोलकाता की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं बिलासपुर में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



बिलासपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



तैयारी

## परीक्षा के 3 घंटे जीवन का भविष्य तय नहीं करते



**बिलासपुर।** जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं छत्तीसगढ़ अग्रिकॉन समिति के संयुक्त तत्वावधान में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के तहत आयोजित "परीक्षा पर चर्चा" में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन कर हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चे ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और कलेक्टर के प्रेरक विचारों को सुना। दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के लगभग 37 हजार बच्चे शामिल हो रहे है।

**परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में कलेक्टर ने बढ़ाया बच्चों का मनोबल**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि 20 एवं 21 फरवरी से कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं, जो विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह वर्षभर की मेहनत के आकलन का समय है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने नियमित अध्ययन किया है, उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी को तैयारी में कमी महसूस हो रही हो तो घबराने के बजाय धैर्य और संयम के साथ पढ़ाई करें। जिन विषयों में पकड़ मजबूत है, उन्हें प्राथमिकता दें तथा नियमित रूप से रीविजन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा को जीवन का अंतिम निर्णय न मानने की सलाह देते हुए कहा कि किसी एक परीक्षा से व्यक्ति की संपूर्ण काबिलियत तय नहीं होती। दुनिया में अनेक उदाहरण हैं, जहां लोगों ने पारंपरिक शिक्षा पूरी न करने के बावजूद अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर, थॉमस एडिसन, धीरूभाई अंबानी, स्टीव जॉब्स और कपिल शर्मा जैसे व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है।

# सीएमडी में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ 'ताल' का आगाज

**बिलासपुर।** सीएम दुबे महाविद्यालय में 11 फरवरी को तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'ताल 2.0' का शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह, प्रशासकीय समिति के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे, प्रशासकीय समिति सदस्य अमन दुबे, बी.एड. प्राचार्या डॉ. अंजली चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ.संजय सिंह, श्रद्धा दुबे मंचासीन रहे।

छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि आप सभी छात्राओं के अंदर ऊर्जा का भंडार है बस उस ऊर्जा को एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ इच्छा शक्ति स्थापित करते हुए आगे बढ़ाना है । सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने संसाधनों को सफलता का साधन बताया है ना कि साध्य। उन्होंने कहा जब तक आप में इच्छा शक्ति नहीं होगी आप आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने बताया कि यहां के छात्राओं का अनुशासन और उनका उत्साह देखकर मुझे खुशी होती है । यहां के छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस विभाग के साथ मिलकर अनेक कार्यक्रम जैसे नशा मुक्ति यातायात सुरक्षा आदि किए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजन छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करते है। प्रशासकीय समिति सदस्य अमन दुबे ने कहा कि सांस्कृतिक मंच विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम है। छात्रों के हित के लिए महाविद्यालय की भावी योजनाओं की चर्चा करते हुए अनेक रोजगार उन्मुख विषयों को प्रारंभ करने की जानकारी दी । महाविद्यालय में कार्यरत युवाओं को आगे आकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

## इच्छाशक्ति और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही मिलती है सफलता : एसएसपी





### कालेज ने बनाई पहचान

इस अवसर पर प्रशासकीय समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि सन 1956 में छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से इस महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। आज यह महाविद्यालय लगभग 70 वर्ष पूर्ण कर चुका है और प्रदेश के प्रमुख महाविद्यालयों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सभी वर्गों के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं तथा उनकी सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाता है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान किया जाता है।

### प्रतिभा निकेतन ने किया शुभारंभ

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ प्रतिभा निकेतन द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से किया गया, तत्पश्चात प्रगति निकेतन द्वारा गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, गरबा नृत्य, एकल एवं समूह नृत्य, नृत्य नाटिका सहित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा।

### इन्होंने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

आज के कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सुमेला चटर्जी, अमनदीप, तनु सिंह, अरुण पटेल ने किया। साक्षी, प्रेरणा, गीतांजलि, आकांक्षा, रिया, अन्नपूर्णा, भारती, नूतन, प्रियंशु, करिश्मा, भूमिका, तृप्ति, अदिति, मोना, वासुदेव, आयुषी, अक्षय, वंशिता, सलीम, सुमन, कल्पना, खुशबू, निकिता, गरिमा, दिनेश, तमन्ना, चंद्रशेखर, शुभा, कुबेर, देवकांत, कुणाल, मनोज, द्रौपदी, स्वर्णा, प्रतिभा, रुक्मिणी, ज्योति, हुलेश्वर, पंकज, निखिल सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने मनमोहक झांकियों के साथ अपनी प्रस्तुति दी। उक्त समस्त कार्यक्रम बी.एड. प्राचार्य अंजलि चतुर्वेदी, प्रभारी राजकुमार पांडा, अंकिता तिवारी, गुलाब पाठक, नीलू कश्यप, भारती विश्वकर्मा, तृप्ति पटेल, प्रशांत गुप्ता, सोनिल मिश्रा एवं मोनिका दत्त के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

धर्मक्षेत्र

## श्रीमद् भागवत श्री कृष्ण के अद्भुत चरित्र और लीलाओं की कथा : शर्मा



**बिलासपुर ।** श्रीमद् भागवत कथा एक अध्यात्म दीप है। जो हमें अपनी स्वयं की नियति से भेंट कराती है। श्रीमद् भागवत तो श्री कृष्ण के अद्भुत चरित्र और लीलाओं की कथा है। इसके बावजूद भी इसे श्री कृष्ण पुराण न कह कर श्रीमद् भागवत महापुराण कहा गया है, क्योंकि भागवत का प्रत्येक यजमान भागवत स्वरूप ही है। भगवान श्री कृष्णा तो स्वयं वांग्मय स्वरूप । भागवत महापुराण है अर्थात जहां भक्ति की कथा और भगवान की कथा हो वही भागवत है। नेहरू नगर में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा ने श्रोताओं को बताया कि श्री कृष्णा एक क्रांतिकारी देवता हैं। जिन्होंने 64 कलाओं के साथ इस धरती पर दिव्या लीलाएं की और उन्होंने संकल्प लिया कि मैं धरती से पाप और अधर्म का भार तो उतारूंगा ही किंतु जल,थल और फल को भी मुक्त कर मनुष्यों का कल्याण करूंगा। श्री कृष्ण ने अपना संकल्प पूरा करने यमुना नदी के कालिदाह से कालिया नाग को बाहर निकाल कर उसके जहर से मुक्त किया अर्थात जल को प्रदूषण से मुक्त किया जो आज की नितांत आवश्यकता है क्योंकि जल है तभी तो कल है। श्री कृष्ण ने ताल वन में रहने वाला धेनु का सुर को बलराम के हाथों वध करवा कर फल को मुक्त किया। वहीं श्री कृष्ण ने प्राग ज्योतिषपुर जाकर भौमासुर का वध किया और धरती को भी मुक्त किया। वर्तमान दृष्टि से देखा जाए तो यही जल जंगल और जमीन यह क्रांति श्री कृष्ण ने द्वापर युग में ही कर दिया था। श्रीमद् भागवत हमारे भारत देश के अति प्राचीन पौराणिक इतिहास का गौरवशाली स्मरण है वहीं भारत का वर्तमान का शोध है।

**नेहरू नगर में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का छठवा दिन**

## शिक्षित और संस्कारित बेटियां ही सशक्त समाज और विकसित भारत की आधारशिला: अमर



**बिलासपुर।** पूर्व मंत्री और शहर विधायक अमर अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय बहुउद्देशीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होकर प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया। उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षित और संस्कारित बेटियाँ ही सशक्त समाज एवं विकसित भारत की आधारशिला हैं। इसके पश्चात वे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरकंडा के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए, जहाँ छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्होंने बालिका शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। रेलवे क्षेत्र स्थित बंगाली स्कूल में आयोजित शाला उन्नयन एवं प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भी वे शामिल हुए। इसके अतिरिक्त मोपका स्थित गृह प्रवेश कार्यक्रम में सहभागिता कर उन्होंने परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



**पीएम श्री सेजेस शाकउमाशा सरकंडा में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान**

पीएम श्री सेजेस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ । इस अवसर में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि मेयर पूजा विधानी रहीं। कार्यक्रम का आगाज विद्यादायिनी मां शारदा की पूजा अर्चना से हुआ। संस्था के प्राचार्य डॉ गायत्री तिवारी ने उद्बोधन भाषण में शाला के उत्तरोत्तर विकास एवं शालेय गतिविधियों के संबंध में विचार व्यक्त किया गया। शाला का प्रतिवेदन हेमंत नायक द्वारा वर्ष भर के सांस्कृतिक अकादमिक एवं अन्य समस्त प्राप्तों के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक संसाधनों एवं शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला । शाला के योग छात्राओं द्वारा योग से संबंधित बहुत सुंदर नृत्य एवं शाला की छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात वर्ष भर हुए विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में पार्षद अंचल शर्मा , राजेश दूसेजा, विजय ताम्रकार, श्याम साहू एवं शाला विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।संचालन सष्मिता शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ प्रवीण मिश्रा ने किया।

## बीपीएस में मनाया गया ग्रेजुएशन-डे व वार्षिकोत्सव





**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बहत्तराई में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के रजत जयंती वर्ष व ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई के 18वें स्थापना दिवस पर 'ग्रेजुएशन डे और वार्षिकोत्सव का भव्य एवं शानदार आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा दूसरी के नौनिहालों ने पूरे जोश, समर्पण व आत्मविश्वास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी व मार्मिक श्रृंखला प्रस्तुत की।

आज 11 फरवरी का दिन प्री-प्राईमरी एवं प्राईमरी सेक्शन के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उत्साह और गर्व का अवसर लेकर आया। इस विशेष अवसर पर यूकेजी के नन्हें विद्यार्थियों को उनकी पहली शैक्षणिक उपलब्धि के लिए 'ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट' प्रदान किया गया जिसका जीवन्त अनुभव प्राप्त करना पालकों एवं अभिभावकों के लिए हर्ष और गर्व से भरा क्षण बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. सौमित्र तिवारी, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल सहित ब्रिलियंट प्रबंधन मण्डल के सदस्य मौजूद थे। विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगे व आकर्षक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सब का मन मोह लिया। पालकों एवं अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। उनके करतल से पूरा विद्यालय परिसर गुन्जायमान हो उठा। उपरोक्त कक्षाओं के विद्यार्थियों के मध्य दौड़ प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन किया। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पधाओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए जिससे उनका उत्साह दोगुना हो गया। मुख्य अतिथि रजनेश ने विद्यार्थियों के अथक प्रयास, उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों एवं शाला परिवार के द्वारा किए गए सतत एवं कुशल प्रबंधन की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. तिवारी ने शाला प्रबंधन और विद्यालय के सभी शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को हमेशा ज्ञानार्जन करने, संस्कारवान और ऊर्जावान बनने की बात कही। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने शाला परिवार को बधाई प्रेषित की।

## बिजौर में एनएसएस का विशेष शिविर

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम बिजौर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का उद्घाटन आज उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य सी. के. घृतलहरे रहे। उन्होंने अपने उदबोधन में रासेयो के उद्देश्य—सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाज के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण



उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए शिविर के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान रासेयो स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से संबंधित गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग सीजन

## अल हिंद लायन, जीनत अल्टीमेट वॉरियर्स पहुंची क्वार्टर फाइनल में



**स्पोटर्स न्यूज**

**बिलासपुर।** इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग सीजन 2 में चार मैच खेले गए। इसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए मुगल लीजेंड्स, दूसरा दूसरा मैच अल हिंद लायन जीतकर हुए अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। तीसरे मैच में यम बुल्स ने और चौथे मैच में अर्सलान फाइटर ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की।

गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग का शुभारंभ 8 फरवरी को हुआ था, जिसका समापन 16 फरवरी को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ले रही हैं। अब तक अल हिंद लायान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह निश्चित कर ली है। जीनत अल्टीमेट वॉरियर्स ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 15 फरवरी को और फाइनल मैच तथा पुरस्कार वितरण 16 फरवरी को होगा। मैच के दौरान मैच के अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक, पंकज सिंह, मनोज तिवारी,संदीप बाजपेई, बद्री यादव थे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया, आयोजन समिति के प्रमुख अध्यक्ष तौसीफ खान, समीर अहमद, सलमान कुरैशी, अख्तर खान, मोहम्मद अजहरूद्दीन, अबरार अली, शाहबाज खान, सलीम खान, तौफीक मेमन, फैज कुरैशी और नावेद सहित खिलाड़ी मौजूद थे। इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग में भाग लेने वाली टीमों में यम बुल्स, मदीना एतिहाद, अर्सलान फाइटर, रजा रॉयल, इर्जा सुपर किंग, अंसारी वॉरियर्स, अल हिंद वॉरियर्स, मुगल लीजेंड्स, जीनत अल्टीमेट वॉरियर्स, सलहा टाइटंस, अमरकंटक सुल्तान, एसबी लायंस, वाय एस सी यूनाइटेड, गदिर स्पार्टन के खिलाड़ी मिनी स्टेडियम में प्रदर्शन कर रहे हैं।

राज्य स्तरीय सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता

## पांच मैच खेले गए, रायगढ़ ने बिलासपुर को हराया



युथ कप स्वर्गीय मिर्जा हसन बेग की स्मृति में राज्य स्तरीय सेवन साइड हांकी प्रतियोगिता में दूसरे दिन 5 मैच खेले गए। मैच के अतिथि इकराम खान संचालक रंग महल, मोहम्मद सद्दाम, अजय यादव स्पोर्ट्स ऑफिसर डीपी कालेज उपस्थित रहे।

पहला मैच हॉकी बिलासपुर और हाकी रायगढ़ के मध्य खेला गया, जिसमें रायगढ़ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी बिलासपुर को 7-2 पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच हॉकी बिलासपुर के गोलकीपर रहे। दूसरा मैच जांजगीर और महासमुंद के मध्य खेला गया। जांजगीर ने अपने कलात्मक खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए एक तरफा मुकाबले में महासमुंद को 10 के मुकाबले दो गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मैच हॉकी रायपुर और हाकी जगदलपुर के मध्य खेला गया, जो काफी रोमांचक रहा। और हॉकी रायपुर की टीम दो गोल से विजय रही। मैच के मैन ऑफ द मैच हॉकी जगदलपुर के गोलकीपर को दिया गया। चौथे मैच में रुद्राक्ष वेलफेयर राजनांदगांव और फ्रेशर्स क्लब बिलासपुर के मध्य मुकाबला हुआ।

**आज होंगे तीन मुकाबले दोपहर 1.30 बजे से**

रोमांचक मैच के अंत में फ्रेशर्स क्लब बिलासपुर पांच के मुकाबले दो गोल से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मैच में रुद्राक्ष वेलफेयर राजनांदगांव के गोलकीपर को मैन ऑफ द मैच दिया गया। अंतिम मैच हॉकी राजनांदगांव और हाकी रायपुर के मध्य खेला गया। राजनांदगांव टीम ने अपने खेल कौशल का उच्चतम प्रदर्शन करते हुए दो गोल मारकर अपनी टीम को 3-2 से विजय बनाकर अगले दौर में प्रवेश किया। गुरुवार को प्रतियोगिता में दोपहर 1.30 बजे से लगातार तीन मुकाबले खेले जाएंगे।

दो दिवसीय वार्षिक गतिविधियों का आयोजन

## आत्मानंद महाविद्यालय में 'रणभूमि' 'प्रसन्न वादन' खेल महोत्सव





स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनमें खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय वार्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। 9 फरवरी को खेल उत्सव 'रणभूमि' और 10 फरवरी को मनोरंजन कार्यक्रम 'प्रसन्न वादन' ने महाविद्यालय परिसर में उत्साह का संचार कर दिया। सोमवार को आयोजित 'रणभूमि' कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर.के. सचदेव ने किया।

इस दौरान विद्यार्थियों के बीच विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिसमें क्रिकेट, डॉसबाल, और बैडमिंटन, वॉलीबॉल में टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। एथलेटिक्स में शार्टपुट जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपना दम-खम दिखाया। इनडोर गेम्स में टेबलटेनिस शतरंज और कैरम में विद्यार्थियों ने अपनी मानसिक कौशल का परिचय दिया।

### शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं : श्रीवास्तव

महोत्सव के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू.के. श्रीवास्व ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। 'रणभूमि' और 'प्रसन्न वादन' जैसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। यह देखकर गर्व होता है कि हमारे छात्र खेल और मनोरंजन दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।" कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को वार्षिक उत्सव के दिन मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. बी.के. त्रिपाठी, प्रो. एल.के. गवेल, प्रो. प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. रामेश्वरी बंजारा, ज्योति यादव, डॉ. श्वेता श्रीवास, डॉ. अविनाश सिंह, सिद्धांत शर्मा, सौरभ गौरहा, जिन्दगी विश्वकर्मा, प्रेमलता महिलांगे, सुश्री मीनाक्षी निर्मलकर, जी.आर. सलाम, राजेश राज, राजेश उइके, श्रीवाणी शर्मा, मांसी शर्मा, सुष्मीता गांगुली, सौरभ साहू, आदित्य यादव, संस्कार निर्मलकर, देव्रत देवांगन, यू योगेश, अनामिका दास, विवेक पाण्डेय ऐशवर्या, शिवानी साहू, आयूषी आदि का योगदान रहा।

## निधन

### लालचंद साबवानी

बिलासपुर। पुराना पॉवर हाउस निवासी लालचंद साबवानी का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे गिरधारीलाल, परमानंद, मेघराज व नानकराम साबवानी के भाई, मोहन, मुरली व विमल साबवानी और कोशी साबवानी के पिता थे।



### सुभद्रा पाण्डेय

बिलासपुर। मुंगेली नाका धर्मप्रकाश की चाल निवासी और स्वर्गीय केके पाण्डेय की पत्नी सुभद्रा पाण्डेय का सोमवार रात 11 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में दस फरवरी मंगलवार को किया गया। वे विनोद और प्रमोद पाण्डेय की माता थीं।



### चंपा बाई

बिलासपुर। तखतपुर होलिका चौक निवासी चंपा बाई का 11 फरवरी को निधन हो गया। वे स्व. छोटेलाल की धर्मपत्नी थी। इनका अंतिम संस्कार 12 फरवरी गुरुवार को तखतपुर स्थित जनकपुर रोड देवांगन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ढाउराम,राजेंद्र, गोपाल,अनिल देवांगन बड़ी माता थीं।



### संतोष कुमार राय

बिलासपुर। संतोष कुमार राय का 10 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 फरवरी को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. मुरारी राय के पुत्र एवं प्रकाश राय, किशोर राय के चचेर भतीजे थे।



### विमल मिश्रा

बिलासपुर। बी 38 - आर 4 क्रांत नगर निवासी विमल मिश्रा पिता ओंकारनाथ मिश्रा का 11 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 फरवरी को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ओजेश मिश्रा के पिता एवं विनय अवस्थी के जीजा थे।



### कंचन रोहरा

बिलासपुर। मैंस मिदौस, भारतीय नगर निवासी कंचन रोहरा का 11 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 फरवरी दोपहर 1.30 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुंदरदास रोहरा की पत्नी व नरेंद्र, रोहित, कोमल रोहरा की मां थीं।

### गणेश राम साहू

तखतपुर। मौहाभाठा निवासी गणेश राम साहू 68 वर्ष का 9 फरवरी को निधन हो गया। वे गोकुल साहू, पुन्नू लाल साहू, प्रताप साहू, प्रमिला साहू के पिता, देवचरण साहू, नोहर लाल साहू, कलेश साहू, फुल सिंह साहू, तुलसी साहू के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभाठा में किया गया।



### शशि देवी

बिलासपुर। ग्राम पीपरा निवासी शशि देवी पति स्व.बलराम सिंह (पूर्व मंडी अध्यक्ष) का 70 वर्ष की आयु में आज बुधवार को निधन हो गया। उनका जिनका अंतिम संस्कार 11 फरवरी की शाम 5 बजे गृह ग्राम पीपरा में किया गया। वे शेखर सिंह, विक्रम सिंह (भोलू) की माता थी।



## एक टोकरी भर मिट्टी के 125 वर्ष पूर्ण, साय ने विशेष पत्रिका का किया विमोचन

# मुख्यमंत्री ने कहा- समाज को संवेदनशील बनाता है साहित्य

**जिला स्थापना दिवस व अरपा महोत्सव पर साहित्यिक आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले के स्थापना दिवस और अरपा महोत्सव के अवसर पर हिंदी साहित्य की प्रथम मौलिक कहानी 'एक टोकरी भर मिट्टी' के 125 वर्ष पूर्ण होने पर एक विशेष साहित्यिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिला प्रेस क्लब द्वारा प्रकाशित स्मारिका, विशेष पत्रिका का विधिवत विमोचन किया।

अरपा महोत्सव के मंच पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पंडित माधवराव सप्रे के साहित्यिक योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने कहा कि 'एक टोकरी भर मिट्टी' हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर है और इसके 125 वर्ष पूर्ण होना साहित्य जगत के साथ-साथ पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य समाज को संवेदनशील बनाता है, जबकि पत्रकारिता समाज को दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने नई पीढ़ी को अपनी भाषा, संस्कृति और साहित्य से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन युवाओं में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। विमोचन कार्यक्रम में मरवाही विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



**सराहनीय व आवश्यक पहल**

उन्होंने जिला प्रेस क्लब एवं जिले के पत्रकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि साहित्यिक परंपराओं को जीवित रखने के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत सराहनीय और आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी जिले से साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक पहल होती रहेगी। अरपा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की समृद्ध साहित्यिक परंपरा, पत्रकारिता की भूमिका तथा स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक, साहित्यिक और विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से जिले की उपलब्धियों को भी रेखांकित किया गया।

**फिर गूंजा पेंड्रा बाइपास का मुद्दा**

जिले की छठवीं वर्षगांठ एवं अरपा महोत्सव के मंच से पेंड्रा बाइपास निर्माण का बहुप्रतीक्षित मुद्दा एक बार फिर जोरदार तरीके से उठा। कोटा विधायक अटल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस परियोजना की औपचारिक घोषणा करने की मांग की। अरपा महोत्सव के भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक अटल ने कहा कि पेंड्रा बाइपास की मांग वर्ष 2016-17 से लंबित है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस प्रगति नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि नगर में भारी वाहनों और बाहरी यातायात के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी कुछ तकनीकी दिक्कतें हैं, लेकिन परियोजना के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## सीएम से मिला प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल



**भर्रीडांड़।** प्रेस क्लब जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के प्रतिनिधि मंडल ने संगठन पदाधिकारियों के निर्वाचन पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके आवास में भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के "लोगो" का विमोचन किया।

संघ के सदस्यों ने जिला के समुचित विकास हेतु सुझाव प्रस्तुत किए। चर्चा के दौरान प्रेस क्लब के प्रतिनिधऐमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जीपीएम आदिवासी बाहुल्य जिला है, जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य एवं वन्य जीवो की उपस्थिति के लिए जाना जाता है। यह जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत भी समेटे हुए हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने अपनी पत्नी मृणालिनी देवी का इलाज गौरेला के सेनेटोरियम अस्पताल में कराया था। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के साथियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही जिला मुख्यालय गौरेला में प्रेस क्लब के भवन निर्माण हेतु राशि का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही जिले के विकास हेतु उन्होंने पत्रकारों के द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर गंभीरता से अमल में लाने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष असद सिद्दीकी, सचिव योगेंद्र सिंह नहरेल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण पांडेय, संयुक्त सचिव अजीत गहलोत, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद शर्मा, मुरारी लाल रैदास, कमाल खान, उमेश अग्रवाल, संतोष नामदेव, सूरज यादव, तनवीर आलम, तापस शर्मा, गौरव जैन, सुहेल मंसूरी, बीरेंद्र पांडेय, राजेंद्र सोनी, संजय अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अमित तिवारी, प्रयास केवर्त, श्रीनिवास सुमेर, राकेश राजपूत, महेश पाटस्कर, लक्ष्मी नारायण सरकार सहित जिला प्रेस क्लब गौरेला पेंड्रा मरवाही के पत्रकार उपस्थित थे।

## तखतपुर के शासकीय अस्पताल को सिटी डिस्पेंसरी के रूप में पुनः संचालित करें : हाईकोर्ट

**बिलासपुर/तखतपुर।** उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए राज्य शासन को निर्देश दिया कि वह तखतपुर के शासकीय हॉस्पिटल को सिटी डिस्पेंसरी के रूप में पुनः संचालित करें व तखतपुर के हॉस्पिटल के पुराने भवन का उपयोग हॉस्पिटल संचालित करने में करें ताकि तखतपुर नगर की जनता को नजदीक में स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

मालूम हो कि तखतपुर के पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 6-7 किलोमीटर दूर ग्राम लिदरी में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे तखतपुर नगर की जनता नगर में शासकीय स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हो गई है। जिससे अधिक क्षुब्ध व पीड़ति होकर तखतपुर की जनता की ओर से पार्षद मुन्ना श्रीवास व शैलेन्द्र निर्मलकर तथा समाज सेवक लेखराम कौशिक व सुरेश मिश्रा ने अपने अधिवक्ता मिर्ज़ा हफ़ीज़ बेग के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में आज मामले की सुनवाई हुई। नगरवासियों की इस बड़ी पीड़ा व परेशानी के बारे में अधिवक्ता बेग ने डीबी को सुनवाई के दौरान बताया कि पुराना अस्पताल अधिक दूर जाने के कारण तखतपुर के आधे से ज्यादा लोग उपचार कराने नहीं जा पा रहे हैं। सुनवाई के बाद उच्च न्यायलय ने पुराने शासकीय हॉस्पिटल को 6-7 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किये जाने पर अपनी गहरी चिंता व नाराजगी भी जाहिर की। इसके साथ ही कोर्ट ने तखतपुर नगर की जनता के लिए यथाशीघ्र हॉस्पिटल के पुराने भवन में सिटी डिस्पेंसरी के रूप में हॉस्पिटल संचालित करने का निर्देश राज्य शासन को दिया हैं। स्थानीय निवासियों को अब उम्मीद है कि बहुत जल्द तखतपुर के पुराने हॉस्पिटल को फिर से शुरू किया जायेगा और गरीब जनता को पुनः स्वास्थ्य सुविधाएं पूर्ववत मिल सकेंगी।

**जनता की हुई जीतः मक्कड़**

नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान न रखते हुए नगर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 6 किलोमीटर दूर जरेली में स्थानांतरित किए जाने को लेकर कांग्रेसजन एवं आमजन पहले से आक्रोशित थे। कई बार शासन और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया। नगर के लगभग 20 से 25 हजार लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए आश्रित हैं परंतु इनकी समस्याओं को ध्यान में नहीं रखा गया और इसे अन्यत्र हटा दिया गया। जब शासन ने इस समस्या का निराकरण नहीं किया तब नगर के पार्षदों ने न्यायालय का रूख किया और वहां लोगों की जीत हुई। यह बातें नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने प्रेसवार्ता के दौरान उपस्थित पत्रकारों को कहीं।



**जनता की सुविधा, हमारा दायित्वः पार्षद**

याचिकाकर्ता पार्षद शैलेंद्र निर्मलकर और मुन्ना श्रीवास ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि लोगों की समस्याओं का निराकरण करें ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो। हर सरकार का दायित्व है कि वहां के नागरिकों को चिकित्सा सुविधा निर्वाध रूप से मिलती रहे, फिर भी भाजपा की सरकार ने लोगों की पीड़ा को नहीं समझा तो न्यायालय में याचिका लगाई गई जहां पर हमें जीत मिली है। प्रेसवार्ता के दौरान पार्षद अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, पूजा बबलू गुप्ता, सुनील जांगड़े, चंद्रप्रकाश देवांगन, जसप्रीत रमन हूरा, आतमजीत मक्कड़, बिहारी देवांगन, जितेंद्र राज, आवेश जान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डीईओ ने किया आत्मानंद स्कूल का औचक निरीक्षण



**जरहागांव।** स्कूलों में 90 प्लस का रिजल्ट लाने ब्लू प्रिंट के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने एवं परीक्षा की आवश्यक तैयारी कराने के उद्देश्य से डीईओ ने एलपी डाहिरे स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिक्षा समिति के अध्यक्ष एस भास्कर, डीएमसी अशोक कश्यप बीआरसी श्री उपाध्याय सीएसी श्री आहूजा मौजूद थे। निरीक्षण टीम ने नियमानुसार छात्र छात्राओं को दक्ष बनाने शिक्षकों को निर्देशित किया। पांच साल की उत्तर पुस्तिकाओं से बच्चों को होने वाली परीक्षा की तैयारी कराने के लिए बताया गया। 9 फरवरी से प्रारंभ हुए आधार पंजीयन कैंप में सभी छात्रों का आधार बनवाने, आधार में त्रुटि सुधार कराने, फिंगर प्रिंट अपडेट कराने और अपार आईडी पेंडिंग, को यू डाइज में रीवैलीडेशन कराने के लिए निर्देश दिए गए। शाला की साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ छात्रों की उपस्थिति बढ़त लाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## मड़ई मेला को भव्य बनाने समाज की एकजुटता जरूरीः तुलसी



बोदरी। राजधानी रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ धोबी समाज मड़ई मेला को सफल एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से संत शिरोमणि गाडगे भवन में कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय संत शिरोमणि गाडगे बाबा जन्मोत्सव समिति के संयोजक एवं मुख्यमंत्री के निजी सहायक तुलसी कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री कौशिक ने समाज की एकता, संगठन और सक्रिय सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज की पहचान और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी स्वजातीय बंधुओं से मड़ई मेला को सफल बनाने हेतु तन-मन-धन से सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला मीडिया प्रभारी जय रजक द्वारा तुलसी कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक में संभागीय अध्यक्ष रामेश्वर निर्मलकर, संभागीय महासचिव गैंग निर्मलकर, जिला अध्यक्ष नारद राजा, जिला उपाध्यक्ष लखन रजक, ओमप्रकाश निर्मलकर, जिला संरक्षक जगदीश निर्णायक, विनोद निर्मलकर, पूर्व संभागीय महासचिव वल्लभभाई, पूर्व संभागीय अध्यक्ष लोक नारायण निर्मलकर, वरिष्ठ समाजसेवी बद्री विशाल, परिक्षेत्र अध्यक्ष वेद प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष अमित निर्मलकर, जिला प्रवक्ता प्रदीप निर्णजक, वरिष्ठ सलाहकार रामानुज निर्णाजक, कोषाध्यक्ष प्रदीप निर्मलकर, विक्रम रजक, कुलदीप रजक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## मनरेगा कर्मियों की बैठक में बनी रणनीति

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने अपने वर्षो पुरानी मांगों को पूरा कराने उप मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा व प्रशासनिक अधिकारियों से बारम्बार मुलाकात कर समस्त मनरेगा कर्मियों के नियमितिकरण, ग्राम रोजगार सहायकों के ग्रेड पे निर्धारण व तत्काल मानव संसाधन नीति लागू करने हेतु सैकड़ों बार ज्ञापन सौंपा। मनरेगा योजना में 20 वर्ष से अपनी सेवा दे रहे इन कर्मचारियों के सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा को लेकर कोई भी पहल नहीं की गई। हालांकि सरकार बनने के बाद इनकी मांगों के लिए कमेटी बनी जिसे 15 दिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी थी किंतु 2 साल बाद भी इनकी मांगों के संबंध में कोई पहल नहीं कि जिससे मनरेगाकर्मी अपने आप को छला सा महसूस कर रहे हैं।

## विद्यार्थियों को पुस्तकों से निकालकर वास्तविक दुनिया से जोड़ते हैं भूगोल के मॉडल

**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की सृजनशीलता, शोध दृष्टि और प्रस्तुति कौशल को प्रभावी मंच प्रदान किया। इस शैक्षणिक आयोजन में विद्यार्थियों ने पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक और समसामयिक विषयों पर नवाचारी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रघुनंदन पटेल तथा भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. रामप्रसाद चंद्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भूगोल के मॉडल और प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को पुस्तकों से बाहर निकालकर वास्तविक दुनिया से जोड़ते हैं। यह सीखने की प्रक्रिया को अनुभव, नवाचार और समझ में बदल देते हैं। विद्यार्थियों ने जल संसाधन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा, छत्तीसगढ़ की प्रमुख फसलें जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक और उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. खेर की जीवन गाथा, गंगरेल बांध, पवन चक्की, छत्तीसगढ़ का इतिहास, शहीद वीर नारायण सिंह की गाथा तथा बिलासपुर के प्रसिद्ध दुर्गा पंडालों जैसे विविध और रोचक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. रामप्रसाद चंद्रा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, शोध क्षमता, विश्लेषण शक्ति एवं प्रस्तुति कौशल का विकास करना रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी और नवाचारी बनाते हैं।



कार्यक्रम का संचालन दिपेश जोशी ने व आभार प्रदर्शन भूगोल की शिक्षिका कमलेश सिंह ने किया। इस अवसर पर भूपेंद्र देवांगन, सतीश राय, डॉ. युक्ति कश्यप, धनंजय टंडन, विमल तिवारी, निमिश सिंह, स्वाति पाण्डेय, सुकृति नायक, संजना, इंदु, पूजा, हरिश, मनीष और नंदनी सहित भूगोल विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रिस्दा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत प्रारंभ



**मस्तूरी/कुकदा।** ग्राम रिस्दा में बुधवार को 21 कुण्डीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ व श्रीमद् भागवत महापुराण के लिए कलश शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में 5 सौ से ज्यादा कलश महिलाओं ने धारण किया। यज्ञ स्थल से कुटिघाट की हनुमान धारा में मुख्य कलशों में पवित्र जल भरा गया जिसके बाद बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा यज्ञ स्थल के लिए निकली। जिसमें महिलाओं ने लाल व पीली साड़ी पहनकर क्रमबद्ध शांतिपूर्ण तरीके से कलश धारण किया था। जूना अखाड़ा वृंदावन के स्वामी योगी सत्यानंद गिरी महाराज ने बग्घी की सवारी की। इससे पहले यज्ञ आचार्य ने ब्राम्हणों के साथ स्वस्ति वचन व वैदिक मंत्रों का पाठ कर शंखनाद से माहौल को भक्तिमय बना दिया। यज्ञ स्थल पर कलश स्थापना के पश्चात पूज्य आराध्य द्विवेदी ने कथा व्यास आसान धारण कर प्रवचन प्रारंभ किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम अमसेना तह सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम अमसेना को सूचित किया जाता है आवेदक मुरितराम कौशिक पिता जवाहिर वगै. निवासी ग्राम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम अमसेना स्थित भूमि ख.न. 285/1 अनावेदकगणों के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि ख.न. 285/1 में से 15 फीट चौडी रास्ता निकाला गया था। आवेदित भूमि पर बटवारा के समय से रास्ता की व्यवस्था थी जिस पर आवेदकगण निर्विवाद उपयोग करते चले आ रहे है। आवेदकगण एवं अनावेदकगणों की भूमि से पारिवारिक व्यवस्था के आधार पर 15 फीट चौडी रास्ता दिलाये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12 .02 .2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
सकर्रा, तहसील सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं **लक्ष्मी नारायण दीक्षित**, उम्र 70 वर्ष, पिता स्व. कृष्ण लाल उर्फ किशन लाल दीक्षित निवासी गीतांजली एन्क्लेव, गौरव पथ, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ, जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-

**1.** यह कि, भारत सरकार द्वारा मेरे नाम पर जारी आधार संख्या 6115 6664 0322 में मेरे पिता जी का नाम कृष्ण लाल दीक्षित अंकित/दर्ज है। **2.** यह कि, मेरे नाम हक, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा खपराखोल, प.ह.नं. 3. रा.नि.मं. बोदरी, तहसील | बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खसरा नं. 62/1,76/2, 97/1.129/2, 135/2, 136, 139/2 एवं 364/4, कुल रकबा 1.5500 हेक्टेयर स्थित है, जिसमें मेरे पिता जी का नाम किशन लाल दीक्षित अंकित/दर्ज है. जिसका ऋण पुस्तिका क्र. पी-0459714 है। **3.** यह कि, मेरे नाम हक, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा खपराखोल, प.ह.नं. 3. रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खसरा नं. 62/2.95/2 एवं 98/1 स्थित है, जिसमें मेरे पिता जी का नाम कृष्ण लाल दीक्षित अंकित/दर्ज है। **4.** यह कि, किशन लाल दीक्षित एवं कृष्ण लाल दीक्षित यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम अर्थात मेरे पिता जी का ही नाम है। **5.** यह कि, कंडिका 3 में वर्णित भूमि को कंडिका 2 में वर्णित भूमि ऋण पुस्तिका क्र. पी-0459714 में दर्ज कराना चाहता हूँ। **6.** यह कि उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था के द्वारा किसी भी प्रकार का हक, दावा, आपत्ति अथवा विवाद आदि किया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। **7.** यह कि मैं यह शपथ पत्र उक्त कथन के समर्थन में राजस्व विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं **लक्ष्मी नारायण दीक्षित**, उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 7 तक की बातें मेरे स्वतः के जानकारी में सत्य व सही है, जिसे आज दिनांक 10/02/2026 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

**शपथकर्ता**

**कार्यालय प.ह. नं. 60 उस्लापुर, रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// सीमांकन सूचना //**

प्रति,
1. श्रीमती रेणुका पिंगले... आवेदक
2. शासकीय कर्मचारी सहनिर्माण समिति
3. रीता मिश्रा पति रूपेश मिश्रा

विषयः सीमांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बावत्।
संदर्भ : न्यायालय तहसीदार/अति. तह./ना. तह.सकरी के ज्ञापन दिनांक 02/02/26

संदर्भित विषयातर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उस्लापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 134/17 रकबा 0.0162 हे. एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी श्रीमती रेणुका पिंगले पिता/पति आलोक पिंगले के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षक का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 12/02/26 को लगभग 11:00 से 5:00 बजे किया जायेगा।

अत: आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

टीप : विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणो से सीमांकन/स्थल निरीक्षण तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. तहसीलदार/अति तह. / ना. तह. सकरी को सूचनार्थ। 2. रा. नि. मं. को सूचनार्थ । 3. न.पा.नि. बिलासपुर को सूचनार्थ ।

**प.ह.नं. 60 उस्लापुर, रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.).**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 05/02/2026

मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अंकुश अग्रवाल पिता श्री संतोष अग्रवाल निवासी उदई चौक कतियापारा जूनाबिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 12 में से रकबा 2100 वर्गफीट/एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में ना. मदेव का मकान दक्षिण में आम गली पूर्व में आम गली पश्चिम तिवारी का मकान है, आवेदन अनुसार आवेदक श्री अंकुश अग्रवाल पिता श्री संतोष अग्रवाल निवासी उदई चौक कतियापारा जूनाबिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 27/02/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 05/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना पत्र //**

मैं परमेश्वर विश्वकर्मा उम्र 35 साल पिता सुध्धूराम विश्वकर्मा जाति लोहार निवासी कंचनपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्न सूचना करता हूं-

(1) यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधार संख्या 7060 0279 0552 है जिसमें पुत्री का नाम त्रुटिवश यांशु विश्वकर्मा अंकित है।
(2) यह कि मेरी पुत्री का नाम अंशु विश्वकर्मा है जो कि पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में तथा शैक्षणिक दस्तावेज मार्कशीट आदि में अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।
(3) यह कि आधार में नाम त्रुटिपूर्ण होने से परेशानी होती है इसलिये मेरी पुत्री के उक्त आधार में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम यांशु विश्वकर्मा को विलोपित कर सही नाम अंशु विश्वकर्मा दर्ज कराना चाहता हूं।
(4) यह कि उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र दिनांक / / तक प्रस्तुत कर सकते हैं बाद की दावा आपत्ति स्वीकार नही होगी।

दिनांक: 11/02/2026

**सूचनादाता
नाम- परमेश्वर विश्वकर्मा पिता सुध्धूराम
ग्राम कंचनपुर पो. जूनापारा
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं.9343715293**

**// आम सूचना पत्र //**

मैं बीरू सिंह उम्र 19 साल पिता मनहरण पोर्ते जाति गोंड़ निवासी राजपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्न सूचना करता हूं-

(1) यह कि मेरे नाम से आधार संख्या 3084 6395 9082 है जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश बीरू पोर्ते अंकित है।
(2) यह कि मेरा नाम बीरू सिंह है जो कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज मार्कशीट आदि में अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।
(3) यह कि आधार नाम त्रुटिपूर्ण होने से परेशानी होती है इसलिये मेरे उक्त आधार में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम बीरू पोर्ते को विलोपित कर सही नाम बीरू सिंह दर्ज कराना चाहता हू।
(4) यह कि उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना पत्र आपत्ति दिनांक / / तक प्रस्तुत कर सकते हैं बाद की दावा आपत्ति स्वीकार नही होगी।

दिनांक: 11/02/2026

**सूचनादाता
नाम- बीरू सिंह पिता मनहरण पोर्ते
ग्राम पो. राजपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ



**लोरमी।** ग्राम फुलझर में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के लल्ला सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर महामंत्री कृष्णा कुमार सोनी, हुसैन, स्वारथ लाल घृतलहरे, तुलाराम घृतलहरे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राम्हेपुर एन स्कूल ग्रुप ने कोरी डेम में मनाया गोल्डन मिलन समारोह



**लोरमी।** ग्राम राम्हेपुर एन के भूतपूर्व विद्यार्थियों के द्वारा कोरी डेम औरापानी वॉटरफॉल कोटा के प्राकृतिक एवं मनोहारी वातावरण में गोल्डन मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 12वीं बैच वर्ष 2003 के विद्यालयीन सहपाठियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्षों बाद साथियों को एक मंच पर एकत्र करना, पुरानी स्मृतियों को साझा करना, अपने जीवन के अनुभवों और पारिवारिक जीवन को नजदीक से जानना व एक दूसरे के सुख में शामिल होकर सहयोग करना रहा है। इस आपाधापी जीवन में समय निकालकर बिछड़े मित्रों को पुनः जोड़ना, उनसे मिलना, बचपन के यादों को तरोताजा करते हुए एक बार फिर से बचपन में जीने का सुखद अनुभव प्राप्त हुआ।

### संस्कार विद्या निकेतन में मना सम्मान समारोह




**पथरिया।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय संस्कार विद्या निकेतन में वार्षिक समारोह सह सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, धरमलाल कौशिक के प्रतिनिधि के रूप में रघु वैष्णव, पूर्व सभापति जिला पंचायत वसीउल्लाह शेख, सभापति प्रतिनिधि ओमू दीवान, पार्षद प्रतिनिधि मनोज निषाद तथा जागेश्वरी घनश्याम वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य शकील खान ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में शिक्षा, संस्कार एवं सांस्कृतिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सम्मान समारोह के अंतर्गत गत वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं अन्य शैक्षणिक-सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### चनाडोंगरी स्कूल की छात्राओं को दी गई साइकिलें



**तखतपुर।** शासकीय हाई स्कूल चनाडोंगरी में छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने एवं उनके सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, ग्राम सरपंच, शाला विकास समिति अध्यक्ष, जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक, जनपद सदस्य मनहरण लाल कौशिक सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की आधारशिला है, और बेटियों की शिक्षा हमारा सर्वोच्च दायित्व है।

### एनएसएस ए प्रमाण पत्र परीक्षा में शामिल हुए छात्र




**मल्हार।** मध्य नगरीय विद्यालय में एनएसएस ए प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। परीक्षा कार्यक्रम में बतौर अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे, वहीं परीक्षा के बाह्य परीक्षक के रूप में पुरन सिंह ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी करुणेश कुमार नापित, विद्यालय के प्राचार्य पीके. वैष्णव तथा शुभम जोगी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जनपद सदस्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ विचारधारा है। एनएसएस युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। स्वयंसेवक समाज, गांव और राष्ट्र के लिए कार्य करते हुए अपने व्यक्तित्व को निखारते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# पटवारी-तहसीलदार विवाद गहराया, आय, जाति निवास और जमीन संबंधी काम पूरी तरह ठप

*तहसीलदार के पक्ष अधिकारी-कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, लोरमी के 32, लालपुर 18 सहित मुंगेली जिले के 150 पटवारी धरने पर बैठे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

13 दिनों से स्थानीय तहसीलदार को हटाने को लेकर पटवारी संघ के सदस्य मोर्चा खोलकर जिला स्तर पर धरने में बैठे हैं। दूसरी ओर स्थानीय तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों, कोटवार संघ एवं छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर को तहसीलदार के पक्ष में ज्ञापन सौंपा है। प्रशासनिक अमले के विवाद में किसानों एवं आम लोगों के कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। लोरमी के 32, लालपुर 18 सहित जिले के 150 पटवारी धरने पर बैठ गए हैं। पटवारियों के धरना प्रदर्शन के चलते आय, जाति, निवास और जमीन संबंधी काम पूरी तरह ठप हो गए हैं।



ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

तहसीलदार एवं पटवारियों के बीच का विवाद गहराता जा रहा है। दोनों के विवाद में पटवारी हल्का में काम ठप पड़ा है। किसानों का काम पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा है, हड़ताल के चलते आम जनता के आय, जाति, निवास और जमीन संबंधी काम पूरी तरह ठप है नक्शा, खसरा, बी वन, सीमांकन एवं जमीन की रजिस्ट्री भी शून्य हो गई है। दोनों के बीच का मामला पहले कलम डाउन तहसील स्तर तक था। अब जिले के पटवारी सोमवार से मुंगेली के आगर क्लब में धरने में शामिल हो गए हैं। अपनी समस्याओं को लेकर पटवारियों ने पहले तो स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी एवं आपसी दखल की मांग कर उनकी समस्याओं को निराकरण करने सहित तहसीलदार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा था। जिसमें उनको हटाने प्रमुख मांग थी। मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया। अलबत्ता ये हुआ कि आंदोलनरत पटवारियों ने संघ के सामने अपनी मांगें रखीं और मामला जिला स्तर पर पहुंच गया। अब मामला उलझता दिखाई दे रहा है। जिला स्तर पर पटवारियों ने काम बंद कर धरने पर बैठने का मामला प्रकाश में आया है। दूसरी ओर मामले को लेकर बुधवार को राजस्व विभाग कार्यालय में पदस्थ 11 कर्मचारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने जिला कलेक्टर कुन्दन कुमार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार के समर्थन में उतरकर अब इस लड़ाई में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों का संगठन 'छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ' भी कूद पड़ा है। संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया है कि किसी भी कर्मठ अधिकारी को हड़ताल करके और झूठे आरोपों के दबाव में नहीं हटाया जाना चाहिए। संघ का कहना है कि यदि अनुशासन बनाए रखने वाले अधिकारियों को इस तरह निशाना बनाया जाएगा, तो भविष्य में कोई भी अधिकारी ईमानदारी से कार्य नहीं कर पाएगा।

#### त्रुटिरहित हो रहे कार्य

कर्मचारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि तहसीलदार कार्यशैली को देखते हुए लोरमी तहसील में पदस्थापना यथावत रखी जाए। तहसीलदार ने एसआईआर तथा धान खरीदी का कार्य समय सीमा में त्रुटिरहित हुआ है। न्यायालय का भी कार्य समस्त स्टॉफ के साथ समन्वय बनाते हुए सुचारू रूप से संचालित करते है। राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी के द्वारा की जा रही हड़ताल के दबाव में आकर स्थानांतरण नही करने मांग किये है। बताया जा रहा है कि कोटवार संघ ने भी तहसीलदार के पक्ष में ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया है।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

**नहीं हटाया जा सकता**

पटवारियों की जैसी जो मांग थी, पूरी कर दी गई है। पूरे जिले में विवाद की स्थिति निर्मित कर रहे हैं। हटाने का कार्य हमारा नहीं है। इलेक्शन कमीशन ने ईआरओ बनाया है। एसआईआर प्रकिया के चलते पूरे राज्य में तहसीलदार को हटाया नहीं जा सकता है।

**-अजीत पुजारी,** एसडीएम

नहीं होनी चाहिए कार्रवाई

**हड़ताल बंद होनी चाहिए**

पटवारियों की हड़ताल बंद होनी चाहिए। इससे आमजन परेशान हैं। किसी के भी दबाव में आकर नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को नहीं हटाया जाना चाहिए और विधि विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

**-कुंडाण पांडे,**
जिलाअध्यक्ष, कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ

**नहीं निकला कोई विकल्प**

जिला एवं तहसील स्तर पर मामले को लेकर चर्चा हुई लेकिन विकल्प नहीं निकला। स्वच्छ वातावरण तैयार होना चाहिए। जिला कलेक्टर हस्तक्षेप कर मामले में निराकरण करें। पटवारी संघ की एक ही मांग है कि तहसीलदार को हटाया जाए।

**-किशन महिलांग,**
जिला अध्यक्ष, पटवारी संघ

## मध्य नगरीय विद्यालय में बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान




**मल्हार।** मध्यनगरीय विद्यालय मल्हार में समाज सेवा के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समाज सेवा के उत्तर प्रतिफल के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें विभाग के कर्मचारियों के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे उपस्थित रहे। इस अवसर पर मल्हार विद्युत वितरण के सहायक तकनीशियन गौरी शंकर भारद्वाज, सहदेव कुमार चंद्रा, रेवती रमन देव नापित, राजू देवांगन, संतोष कुमार निर्मलकर, कर्मचारी उमेश कुमार लहरे, सलीम कुमार डहरिया, चंदन यादव, सुरेश साहू, कौशलेश साहू, धीरज घृतलहरे, दिलेश कुर्रे एवं जशवंत सिंह का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर ज्वाला प्रसाद बंजारे ने कहा कि आज हम उन कर्मवीरों का सम्मान करने के लिए एकत्र हुए हैं, जो अपनी मेहनत, समर्पण और त्याग से बरसात, भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर सेवा करते हुए शहर और गांवों को प्रकाशमान बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में शुभदा सेवा संस्था के उपाध्यक्ष मोहित राम देवांगन, प्राचार्य प्रदीप कुमार, करुणेश नापित, गोकुल प्रसाद पाटले सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जेएमपी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी गई रैबीज इंजेक्शन की जानकारी



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में पशु चिकित्सक डॉक्टर एके चौरसिया द्वारा आवारा पशुओं के काटने के साथ-साथ अन्य रैबीज युक्त जानवरों के काटने से कैसे बचें व उसका उपचार कैसे किया जाए विषय पर व्यापक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यदि कुत्ता काटता है तो हमें जीरो से लेकर 24 घंटे के भीतर प्रथम टीका अनिवार्य रूप से लगवाना चाहिए। उसके बाद तीसरे दिन सातवें दिन 14वें दिन और 28 में दिन मैं टीका लगवाना चाहिए। यदि पालतू कुत्ता है तो उसे तीन माह में पहला टीका फिर प्रतिवर्ष रेबीज का टीका लगवाना चाहिए। यह भी बताया गया कि रेबीज वायरस कुत्ते के लार में आंसू में पेशाब में पाया जाता है । कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ डी पी चंद्रवंशी ने किया तथा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ राजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ मीना शर्मा, डॉ एस के पांडे, डॉ सीमा नाथ, इंदू कौशल, डॉ राकेश कुर्रे, डॉ मीरा गुप्ता, डॉ ससमिता बरगाह, डॉ विपिन चंद्र अग्रहरी, डॉ पार्वती पटेल, प्रिया शंकर जायसवाल, अनीता बरगाह, अंजीत नेताम, अंकुर शुक्ला, ज्योति गोस्वामी डॉ नावेद सिद्दीकी शिवकुमार साहू डॉ स्वाति पांडे प्राची गुप्ता दुर्गा गुप्ता संजय देवांगन जसमीत कौर हिरदेश कौशिक छात्र सागर राज निषाद राहुल गीते जायसवाल सेजल उपाध्याय पायल महिमा निशिका संध्या कविता आदित्य अक्षय सहित अन्य उपस्थित रहे।



## पं. दीनदयाल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी ने पं. दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप मनाया। सभी वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवन एवं संघर्षों के विषय में चर्चा कर उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करते हुए पार्टी हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, महेंद्र खत्री, संतोष साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, संदीप सोनी, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, सभापति विश्वास दुबे, राजेंद्र सलूजा, तितरा राजपूत, नरोत्तम राजपूत, खदानन कश्यप, अभिषेक पाठक, कमलेश श्रीवास, मुकुल तिवारी, हरिकिशन खत्री, उमेश ध्रुव, शिव शंकर यादव, राकेश गुप्ता, पवन गुप्ता, दुर्गेश तिवारी, नरेंद्र खत्री, विजय राजपूत, पारसनाथ साहू चंद्रमणि साहू, सुरेंद्र साहू, दुष्यंत खत्री आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संदीप सोनी ने तथा आभार प्रदर्शन राजेंद्र साहू ने किया।

## गर्ग सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल को प्रशासन ने किया सील



हॉस्पिटल को सील करती टीम।

**मुंगेली।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं वैधानिक प्रावधानों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए गर्ग सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को सील कर दिया है।

यह कार्रवाई नर्सिंग होम एक्ट के नियमों के उल्लंघन एवं चिकित्सक की अनुपस्थिति पाए जाने के बाद की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट डॉ. कमलेश कुमार तथा नायब तहसीलदार हरीश यादव की संयुक्त टीम द्वारा गर्ग अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए तथा चिकित्सक की अनुपस्थिति में अस्पताल का संचालन किया जा रहा था, जो नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 16 जनवरी को भी अस्पताल का निरीक्षण किया गया था। उस समय भी चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थे, जिस पर संबंधित संस्था को नोटिस जारी किया गया था। बावजूद इसके सुधार नहीं होने पर प्रशासन ने कड़ी कार्यवाही करते हुए अस्पताल को सील कर दिया। सीएमएचओ ने कहा कि जिले में संचालित सभी निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम को निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण उपचार से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पेंड्रा बना बाल विवाह मुक्त नगर

**पेंड्रा।** नगरीय क्षेत्र ने सामाजिक जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की मिसाल पेश करते हुए पिछले दो वर्षों में एक भी बाल विवाह दर्ज न होने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस सराहनीय कार्य के लिए नगर पालिका परिषद पेंड्रा को "बाल विवाह मुक्त" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अरपा महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपची, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पेकरा, कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मण्डावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगरपालिका परिषद पेंड्रा द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए गए।



## पुण्यतिथि पर याद किए गए पं. दीनदयाल



**मुंगेली।** एकात्म मानववाद के प्रणेता और सरकार की समस्त योजनाओं को समाज के निचले पंक्ति के व्यक्ति तक ले जाने के लिए सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले, भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया।

इस अवसर पर उनके राष्ट्र निर्माण समाज सेवा और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों की चर्चा की गई। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, द्वारिका जायसवाल, लोकनाथ सिंह, संजय वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, गणेश बाजपेई, महामंत्री नगर मंडल महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, अनूप जैन, शंकर देवांगन, विजय यादव, हीरालाल साहू, पार्षदगण सत्तू सिंह, सत्तू देवांगन, रोशन सोनी, जितेंद्र साहू, असलम खान, विजय यादव, लवन डाहिरे, प्रवीण सोनी, वासु देवांगन, प्रिंस देवांगन, रामजी यादव, शैलेन्द्र यादव, विक्रांत देवांगन, होरी सोनकर, रितिमा लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दिया।

## बालगृह में लगा विधिक जागरूकता शिविर



**मुंगेली।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में बालगृह रामगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों में कानून के प्रति समझ विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। शिविर के दौरान बालगृह में निवासरत बच्चों को आत्मनिर्भर बनने, अनुशासित जीवन जीने तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती कंचन लता आचला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संविधान के मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्यों, बाल श्रम कानून, पॉक्सो एक्ट तथा साइबर अपराधों से संबंधित कानूनों की सरल एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें कानून के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार के शोषण या अपराध की स्थिति में विधिक सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया गया। शिविर में बालगृह के अधीक्षक सहित स्टाफ एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स मौजूद रहे।

**विधायक पुन्नूलाल मोहले ने किया शुभारंभ**

## सोनार समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन



अतिथियों का सम्मान करते सोनार समाज के लोग।

**मुंगेली।** सोनार समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले द्वारा सोनारपारा मां महामाया की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित एवं पुष्पाहार कर किया गया। जिज्ञासा सोनी, राखी सोनी, शिवानी सोनी के द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सराफा संघ कमल सोनी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सोनी द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व सराफा अध्यक्ष रमेश सोनी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांतीय महासभा मनहरण लाल सोनी, अध्यक्ष विहिप दिनेश सोनी उपस्थित थे। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने सोनार समाज के भवन के द्वितीय तल अपूर्ण के निर्माण के लिए विशेष सौगात स्वरूप 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। जिसमें उपस्थित सभी सामाजिकजनों ने इस घोषणा का स्वागत किया। अनिल सोनी एवं कमल सोनी ने प्रदेश में सर्व सोनी समाज संगठन बनाकर समाज की विभिन्न आवश्यकताएं एवं मांग को शासन में प्रमुखता से रखने की बात कही। कार्यक्रम में अभिषेक सोनी, धीरज सोनी, मनहरण सोनी, राधेश्याम सोनी, बैजनाथ सोनी, त्रिलोकी सोनी, बबला सोनी का विशेष सहयोग रहा। सभी जगह से आये हुए सभी जनों के साथ युवक-युवती शत प्रतिशत उपस्थित होकर मंच पर अपना परिचय कराया। इन सभी के बायोडाटा एवं फोटो के साथ मंच पर एलईडी द्वारा प्रसारित किया गया। सोनार समाज के अध्यक्ष संजय सोनी ने आये हुए सभी अतिथियों का ससम्मान मोमेंटो चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। मंच संचालक अशोक सोनी ने किया। कार्यक्रम में रोशन सोनी, विनय सोनी, योगेश सोनी एवं संतोष सोनी, नवीन सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, राजेश सोनी, विजय सोनी, राजेश सोनी, दिलीप सोनी, विकास सोनी विक्की, आदित्य सोनी, विकास सोनी, अपूर्व सोनी, पवन सोनी, अमित सोनी, मुरली सोनी, श्रीधर सोनी, अजय सोनी, दीपक सोनी, सचिन सोनी, राहुल सोनी, जय सोनी, रवि सोनी, अतुल सोनी, कमल सोनी का सम्मान मोमेंटो चिन्ह से किया गया।

## खबर संक्षेप

### युवती को जान से मारने की धमकी

**बिलासपुर।** वीडियो वायरल करने की बात कहते हुए युवती से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने धमकी देने वाले युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का रविन्द्र निर्मलकर पिता संतोष निर्मलकर 20 साल से मोबाइल के माध्यम से संपर्क हुआ था। दोनों के बीच आपस में बातचीत होती रहती थी। युवती की शादी तय हो गई है। रविन्द्र अपने मोबाइल में युवती की आईडी बनाकर उनके खिलाफ दूसरे के मोबाइल में मैसेज व वीडियो भेज रहा है। उन्होंने मना किया तो युवक वीडियो फोटो वायरल करने की बात कहते हुए परिवार के लोगों को धमकी दे रहा है। रिपोर्ट करने पर अंदर होने से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर रविन्द्र निर्मलकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घरवाले सोते रहे, चोर ले उड़े 50 हजार रुपए नकद

**बिलासपुर।** घरवाले सोते रहे और चोर घर में घुसकर आलमारी से 50 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गया। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक की चोरी करते तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस चोर का सुराग नहीं लगा पाई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद नारियलकोठी निवासी मनजीत सलूजा उर्फ निक्कू पिता बूटा सिंह सलूजा प्रापर्टी डीलर हैं। 10 फरवरी की रात 10 बजे परिवार के साथ वे खाना खाकर सो गए थे। रात 12.15 बजे उनकी भतीजी ने फोनकर बताया कि कोई चोर घुसा है। वे अपने भाई, भतीजे को उठाकर उपर कमरे में गए तो चोर भाग गया था। रूम में जाकर चेक किए तो आलमारी से 50 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। सीसीटीवी चेक करने पर एक अज्ञात व्यक्ति घर के दरवाजे से कूदकर आते हुए व भागते हुए नजर आ रहा है। उन्होंने फुटेज पुलिस को देखकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कर्मचारियों की कार में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** शराब दुकान से पैसा वसूली कर जा रहे कर्मचारियों की बोलेरो में बाइक सवार तीन युवकों ने जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, कोटा बस स्टैण्ड निवासी जयवंत मसीह पिता अशोक मसीह मंगला सीएमएस आफिस में शराब बिक्री का पैसा कलेक्शन वाहन में सुरक्षा गार्ड का काम करते हैं। 7 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे वे ड्राइवर जयंत साहू, कैसियर साहिल लहरे व रंजीत के साथ बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीएन, 5804 में शराब बिक्री का पैसा लेने सीपत शराब दुकान गए थे। दुकान में उनके ड्राइवर ने बाइक सवार तीन युवकों को बाइक किनारे लगाने के लिए कहा। इस पर तीनों युवक ड्राइवर के साथ गाली गलौज करने लगे। समझाइश देने पर तीनों युवक वहां से चले गए। शाम 4 बजे वे शराब दुकान से बिक्री रकम लेकर बोलेरो से लौट रहे थे। मटियारी के पास उक्त बाइक सवार तीनों युवक आए और चलती गाड़ी में बीयर व शराब की बोतल फेंककर हमला करने लगे। जिससें बोलेरो की कांच टूट गया है।

**जांच के बाद सामने आएगी सच्चाई** — मुंगेली नाका चौक स्थित नगर निगम के पेट्रोल पंप में नोजल टेस्टिंग का मामला

# नोजल टेस्टिंग के नाम पर पेट्रोल-डीजल चोरी मामले में कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ संपरीक्षा विभाग की आडिट रिपोर्ट में हुआ था खुलासा

नगर निगम के पेट्रोल पंप में कर्मचारियों द्वारा हर रोज नोजल टेस्टिंग के नाम पर औसतन पंद्रह लीटर पेट्रोल-डीजल निकालने लेकिन उसका कहीं कोई हिसाब नहीं होने के मामले में नगर निगम कमिश्नर ने जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में राज्य संपरीक्षा विभाग ने 27 जनवरी को पत्र भेजकर 33 लाख की गड़बड़ी की जानकारी देते हुए प्रशासनिक जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने संबंधी लेख किया गया था।

मुंगेली नाका चौक स्थित नगर निगम के पेट्रोल पंप में नोजल टेस्टिंग के नाम पर कई वर्षों से पेट्रोल-डीजल चोरी करने के मामले में आखिरकार नगर निगम आयुक्त ने जांच के आदेश दे दिए हैं। इस संबंध में राज्य संपरीक्षा विभाग ने 27 जनवरी को आयुक्त नगर निगम को पत्र भेजा था। पत्र में कहा गया था कि पेट्रोल पंप के कर्मचारियों द्वारा नोजल टेस्टिंग के नाम पर प्रतिदिन औसतन पंद्रह लीटर पेट्रोल व डीजल निकाला जाता रहा है, लेकिन इसका हिसाब न तो बिक्री में दर्शाया जाता और न ही स्टॉक पंजी में ही इसका कोई जिक्र किया गया है। इस स्थिति में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 मिलाकर कुल तीन वर्षों में करीब 33 लाख रूपए की पेट्रोल व डीजल की चोरी की गई है। पत्र में संपरीक्षा विभाग ने मामले की प्रशासनिक जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने संबंधी लेख किया था। कमिश्नर द्वारा अब इस मामले की जांच के निर्देश देने व दोषियों का पता चलने के बाद ही संभावित कार्रवाई की जा सकेगी।


नोजल टेस्टिंग के नाम पर 33 लाख का पेट्रोल-डीजल पार

10 फरवरी को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

#### की जाएगी कार्रवाई

संपरीक्षा विभाग ने अपने पत्र में संभावित गड़बड़ी का जिक्र किया है। मामले की जांच करवा रहे हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी पाई गई तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**प्रकाश कुमार सर्वे**
कमिश्नर नगर पालिक निगम

शासन द्वारा लगातार जारी की जा रही राशि

# किसानों को 15 सौ करोड़ का भुगतान, कई अब भी इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ शेष किसानों को भी जल्द भुगतान की संभावना

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचने वाले किसानों को सरकार द्वारा अब तक 1 हजार 508 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। हालांकि इतना भुगतान करने के बाद अभी भी हजारों की संख्या में किसान शेष हैं, जो भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। विपणन विभाग के अनुसार ऐसे सभी किसानों को दो से तीन दिनों के भीतर राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

पंद्रह नवंबर से प्रारंभ की गई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शासन द्वारा समय-समय पर भुगतान जारी किया जाता रहा है। इसके अंतर्गत आज की स्थिति तक किसानों को 1 हजार 508 करोड़ रूपए का भुगतान जारी किया जा चुका है। हालांकि भुगतान की गति काफी धीमी रही है। ऐसे किसान जिन्होंने 15 जनवरी या इसके बाद की स्थिति में अपना धान बेचा था, इन्हें तेरह दिनों बाद भी भुगतान प्राप्त नहीं हो सका था। भुगतान प्राप्त नहीं होने से परेशान किसान किसी गड़बड़ी की आशंका पर लगातार अपनी समितियों में एवं बैंकों में जाकर पतासाजी कर रहे थे। इन किसानों को जनवरी के अंत तक भुगतान प्राप्त हो सका था। इधर सरकार ने भले ही किसानों को 15 सौ करोड़ का भुगतान किया है, लेकिन अभी भी हजारों की संख्या में किसान भुगतान का इंतजार कर ही रहे हैं, जिन्हें दो से तीन दिनों के भीतर भुगतान होने की बात कही जा रही है।



#### होली के पहले अंतर की राशि का भी पूरा भुगतान

शासन द्वारा अभी केवल समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है, लेकिन प्रदेश में सरकार द्वारा घोषित 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर में से शेष अंतर की राशि का भुगतान भी होली के पहले ही कर दिए जाने की भी तैयारी है। विपणन विभाग के अनुसार इस संबंध में शासन द्वारा कैबिनेट में निर्णय भी लिया जा चुका है।

#### 24 फरवरी के बाद बेचने वाले किसानों का भुगतान शेष

ऐसे किसान जिन्होंने 24 फरवरी के बाद अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचा है, उन सभी का भुगतान अभी लंबित है। सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा फिलहाल 24 फरवरी तक धान बेचने वाले किसानों का पेमेंट क्लियर किया गया है। इसी तरह आगामी दो दिनों के भीतर शेष किसानों का भुगतान किए जाने की संभावना जाहिर की जा रही है।

#### एक दो दिन में हो जाएगा भुगतान

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को अब तक 1508 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। जो किसान भुगतान प्राप्त करने से रह गए हैं, उनका भुगतान भी एक से दो दिनों के भीतर कर दिया जाएगा।

**-उपेंद्र कुमार**, डीएमओ विपणन विभाग

## जिंदा लोगों को मृत व गायब बताने को लेकर कांग्रेस ने मचाया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 117 के नाम विलोपित कराने भर दिया फार्म सात

■ ग्रामीणों के साथ शिकायत करने पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष

एसआइआर के बीच बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहर के एक वार्ड में निवासरत अल्पसंख्यक समुदाय सहित एसटी-एससी के 117 मतदाताओं के नाम को विलोपित कराने फार्म सात भरकर जमा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वहीं 117 लोगों के नाम को मतदाता सूची से विलोपित कराने के लिए एक व्यक्ति द्वारा बीएलओ को फार्म सौंपे जाने का आरोप भी लगाया गया है। इस गड़बड़ी की शिकायत लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व बेलतरा विधानसभा के प्रत्याशी विजय केशरवानी ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे थे।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी ने फार्म सात का किए जा रहे दुरुपयोग और सुनियोजित षड़यंत्र की गंभीरता से जांच कराने की मांग कलेक्टर संजय अग्रवाल से की है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि एक व्यक्ति द्वारा 117 लोगों का फार्म सात भरकर बीएलओ को जमा करा देता है, बीएलओ किस आधार पर फार्म कर लेता है इस बात की जांच होनी चाहिए। जिसने बड़ी संख्या में मतदाताओं का नाम कटाने के लिए फार्म सात भरकर जमा किया है उसकी मंशा क्या है और किसके इशारे पर यह सब किया है। विजय ने सत्ताधारी दल पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की मंशा साफ है, कांग्रेस मानसिकता वाले मतदाताओं, अल्पसंख्यक, एससी व एसटी मतदाताओं के नाम को एसआईआर के नाम पर विलोपित कराना चाहती है। गुपचुप तरीके से इस काम को या इस षड़यंत्र को अंजाम दे रहे हैं। बीएलओ इस काम में भाजपा के कार्यकर्ता व नेताओं की मदद करते भी नजर आ रहे हैं।

#### एसआईआर के तहत फार्म सात के दुरुपयोग की शिकायत

**बिलासपुर।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी बुधवार को बेलतरा क्षेत्र के ग्रामीणों को साथ लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत करने पहुंचे थे। उनकी शिकायत है कि एसआईआर के तहत फार्म 7 का दुरुपयोग किया जा रहा है और बिना भौतिक सत्यापन के फार्म भराया जा रहा है। एसआईआर के अंतर्गत 14 फरवरी तक मतदाताओं की सुनवाई होना है जिसका अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी निर्धारित है। विजय केशरवानी का कहना है कि इस बीच लगातार बेलतरा विधानसभा से लेकर पूरे जिले से शिकायतें मिल रही हैं कि भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस मतदाता, अल्पसंख्यक एवं एसटी-एससी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नाम कटवाने के लिए फार्म 7 भरा जा रहा है, जहां बीएलओ लेने से इनकार कर रहे हैं उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। बीएलओ को बोला जा रहा है कि ये फार्म ऊपर से आया है नहीं लेने पर कार्रवाई की जाएगी, जिससे बीएलओ दबाव में काम कर रहे हैं। बेलतरा विधानसभा के चांटीडीह क्षेत्र की घटना है जिसमें मतदाताओं के नाम 2003 के वोटरलिस्ट में है साथ ही वे लोग आज भी वही निवासरत है और उन्होंने एसआईआर तहत फार्म आवश्यक डाक्यूमेंटस के साथ जमा किया है फिर भी उनके नाम पर फार्म 7 भरा गया है, जिससे लोग परेशान है, इसलिए फार्म 7 के दुरुपयोग को रोका जाए और जो लोग इस कार्य में लिप्त है और फार्म 7 जमा किए है उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## कांम्बिंग गशत में पकड़े गए 126 वारंटी और 11 फरार आरोपी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 300 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने की गश्त

बीती रात 300 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिले में चौतरफा कांम्बिंग गश्त कर वारंटी, फरार आरोपी, निगरानी, गुण्डा बदमाशों की धरपकड़ की। एक दिन में 126 वारंटी, 11 फरार आरोपी, 41 निगरानी गुण्डा बदमाशों की चेकिंग की गई है। पुलिस की कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ था।






एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण, वारंट तामिली एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से 10 फरवरी की रात्रि में समस्त थाना क्षेत्रों में एक साथ व्यापक कांबिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। अभियान में 300 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा समन्वित रूप से अलग अलग टीम गठित कर संभावित ठिकानों, संदिग्ध स्थनों, होटल, ढाबों, सार्वजनिक स्थानों एवं वारंटियों के निवास स्थानों पर सघन जांच एवं दबिश कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 126 वारंटियों को पकड़ा गया। इनमें 50 स्थाई, 76 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न गंभीर अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। निगरानी सूची में दर्ज 41 गुण्डा, बदमाशों की विधिवत चेकिंग कर उनकी गतिविधियों का सत्यापन कर वैधानिक चेतावनी दी गई। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए 10 व्यक्तियों के खिलाफ 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। एक प्रकरण में एक व्यक्ति के कब्जे से धारदार हथियार बरामद होने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके साथ शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पिछले एक सप्ताह में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 105 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

### सीयू करेगी कर्मचारियों को अधिक वेतन भुगतान की भरपाई

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में अस्थाई पदों पर नियमित पद का वेतन भुगतान के मामले में यूजीसी ने वसूली का निर्देश दिया है। इस पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने यूजीसी को पत्र लिखकर अधिक वेतन भुगतान की भरपाई खुद करने की बात कही है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी के अस्थाई पदों पर नियमित नियुक्ति का मामला गरमाया हुआ है। यूजीसी ने अस्थाई पदों पर जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, उनसे नियमित के रूप में किए गए अधिक वेतन भुगतान की वसूली कर अवगत कराने कहा है। इससे उन अधिकारियों-कर्मचारियों में हडकंप मचा हुआ है, क्योंकि एक तो उनकी नियमित नियुक्ति को संविदा में तब्दील किए जाने का निर्णय यूनिवर्सिटी द्वारा लिया गया है। उस पर करीब पिछले दो साल से उन्हें जो वेतन भुगतान किया गया था उसकी वसूली उन पर भारी पड़ रही थी। चूंकि सारी गलती यूनिवर्सिटी की है इसलिए यूनिवर्सिटी ने एमएमटीटीसी के पांच अधिकारियों-कर्मचारियों को वसूली से बचाने के लिए यूजीसी को पत्र लिखा है और यूनिवर्सिटी की आंतरिक व्यवस्था से अधिक वेतन की जो भुगतान की गई है उसकी भरपाई किए जाने की बात कही है।

## सैलरी पैकेज के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए विशेष सैलरी पैकेज उपलब्ध कराने महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर छत्तीसगढ़ सरकार की विशेष सचिव (वित्त) शीतल शाश्वत वर्मा और बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद भी उपस्थित रहे। इस कस्टमाइज़्ड सैलरी पैकेज के तहत कर्मचारियों को 2 करोड़ रुपए तक का कुल दुर्घटना बीमा और 12 लाख रुपए तक का जीवन बीमा कवर मिलेगा।




ड्यूटी के दौरान दुर्घटना पर अतिरिक्त 25 लाख रुपये तक का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, होम, ऑटो, एजुकेशन और पर्सनल लोन पर रियायतें, ओवरड्राफ्ट सुविधा तथा डेबिट-क्रेडिट कार्ड, डीमैट, लॉकर रेंट में छूट सहित कई बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

### दो दिन रिशेड्यूल चलेगी नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** उत्तर पूर्व रेलवे के नूनखार से देवरिया सदर रेलवे स्टेशन के बीच गर्डर लांचिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण 8 व 15 फरवरी को नौतनवा स्टेशन से 150 मिनट देर से रवाना की जाएगी। सीएसएमटी स्टेशन के पुनर्विकास के दौरान प्लेटफार्म 16 व 17 बंद रहने के कारण 12810 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## रांग साइड चल रही कार स्कूल बस से टकराई, बाल-बाल बचे बच्चे

**बिलासपुर।** रांग साइड चल रही कार स्कूली बस से टकरा गई, हादसे के बाद बस में सवार बच्चों के रोने बिलखने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। राहत की बात यह है कि किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई है। पुलिस ने क्रेटा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम रहंगी निवासी मकुंदीदास मानिकपुरी पिता लखनदास मानिकपुरी चिचिरदा रोड बोदरी स्थित एलसीआईटी स्कूल का बस चलाते हैं। 11 फरवरी को स्कूल के बस क्रमांक सीजी 10 जेबी, 8591 में नर्सरी से क्लास टू के बच्चों को स्कूल से बस में बैठाकर उनक घर हाईकोर्ट कालोनी चकरभाठा बोदरी छोड़ने जा रहे थे। दोपहर 1 बजे चकरभाठा बोदरी के पास रांग साइड से तेज रफ्तार से आ रही क्रेटा कार क्रमांक सीजी 04 एनयू, 6300 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बस को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस में सवार मासूम बच्चों के चिखने चिल्लाने व रोने की आवाज से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि बस में सवार बच्चों को चोट नहीं आई थी। बस के ड्राइवर मकुदीदास मानिकपुरी व कंडेक्टर चंद्र कुमार कोल को चोट आई और बस क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने क्रेटा कार के ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए,281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




दुर्घटनाग्रस्त कार और बस।

### नगर निगम की सामान्य सभा कल

**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। बैठक में कुल 15 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिनमें शहर की सड़कों, नालियों, बिजली, पानी, गार्डन, और कॉम्प्लेक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही, 100 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक दो महीने में होने वाली सामान्य सभा का हिस्सा है, लेकिन यह चार माह बाद की जा रही है। बैठक में पार्षदों से दो-दो प्रश्न मंगाए गए हैं, जो वे 3 फरवरी की दोपहर 2 बजे तक निगम सचिवालय, विकास भवन में जमा कर सकते हैं। 6 फरवरी को विकास भवन में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रश्नों का चयन किया जाएगा। बैठक के पहले घंटे में प्रश्नकाल होगा, जिसमें मेयर और एमआईसी सदस्य पार्षदों के प्रश्नों का जवाब देंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिज़र्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411